राजस्थान का तेजी से लोकप्रिय होता अखबार

जयपुर, शुक्रवार, 4 अप्रैल, 2025

राज्य सरकार से विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त

हमारा समाचार

@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
@hamarasamachar
9461162346
9828467603

दैनिक | वर्ष : 12 | अंक: 313 | प्रातः कालीन | मूल्य: 3.00 रुपए | पृष्ठ: 8 | hamarasamachar02@gmail.com

सुविचार

जैसे सूर्योदय होते ही अंधकार दूर हो जाता है
वैसे ही मन की प्रसन्नता से
सारी बाधाएं शांत हो जाती है।

संपादकीय

व्यापार में कोई समझौता नहीं अब हमें समझने की जरुरत

हमारे यहां व्यापारी जब कोई रियायत नहीं करता, दोस्ती, रिश्ते को अपने व्यापारिक रिश्ते से अलग रखता है तो उसे खालिस व्यापारी कहते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हमारे लिए ऐसा ही मित्र साबित हुआ है। देश की संसद में जब बुधवार मध्यरात्रि के बाद बहुचर्चित वक्फ संशोधन बिल पारित हो रहा था उसी समय अमेरिका के राश्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत पर 26 प्रतिशत आयात कर लगाने की घोषणा कर रहे थे। अमेरिका ने अपना 1.2 ट्रिलियन का व्यापार घाटा पूरा करने के लिए एशियाई व यूरोपीय देशों पर टैरिफ लगाकर अंतरराष्ट्रीय व्यापार क्षेत्र में हलचल मचा दी है। भारत पर अमेरिका ने 26 प्रतिशत टैरिफ लगाया है जिसका असर भारत से स्टील, एल्युमीनियम और ऑटो से जुड़े सामान ,टेक्सटाइल, इंजीनियरिंग गुड्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और जेम्स एंड ज्वैलरी जैसे एक्सपोर्ट सेक्टर पर सबसे ज्यादा असर पड़ने की उम्मीद है।लेकिन दवाइयों, सेमीकंडक्टर, कॉपर और एनर्जी प्रोडक्ट्स पर कोई टैक्स नहीं लगाया है। खासबात यह है कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के बीच अच्छे रिश्ते हैं, दुनिया भर में ट्रंप प्रधानमंत्री मोदी को अपना सबसे अच्छा दोस्त बताते रहे हैं। बावजूद इसके अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत पर 26 प्रतिशत का टैरिफ लगाने में कोई रियायत नहीं बरती उल्टे कहा कि भारत अमेरिका के उत्पादों पर 52 प्रतिशत तक टैरिफ वसूल रहा है जबकि हम तो इसका आधा ही लगा रहे हैं। हालांकि भारत अभी भी अपने कुछ देशों से बेहतर स्थिति में है क्योंकि ये चीन (54 प्रतिशत) से काफी कम है। वियतनाम पर 46 प्रतिशत का टैरिफ लगा है, जबकि थाईलैंड और इंडोनेशिया पर क्रमशः 36 प्रतिशत और 32 प्रतिशत का टैरिफ लगा है। ट्रंप के टैरिफ को लेकर पिछले कई दिनों से शेयर बाजार में खौफ का माहौल था। दो दिन में विदेशी निवेशक 10,000 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर बेच चुके थे। ट्रंप ने पिछले 100 साल में सबसे ज्यादा टैरिफ लगाए हैं जिससे 60 से अधिक देश प्रभावित हुए हैं। इससे ट्रेड वॉर बढ़ने और पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था के प्रभावित होने की आशंका है। हमें भी अब अमेरिका या यूरोपीय देशों से व्यापार करते समय आपसी संबंधों को व्यापार से अलग रखने पर ध्यान देना होगा।

रामनिवास मंडोलिया
संपादक

लोकसभा के बाद राज्यसभा में भी वक्फ पर तनातनी.. | राज्यसभा में संशोधन विधेयक पर जोरदार बहस

वक्फ संशोधन बिल बनेगा कानून..कोर्ट में होगी असली लड़ाई!

सदन से शीर्ष अदालत पहुंची वक्फ की लड़ाई, अब न्यायालय की शरण में विपक्ष, बिल के विरोध में जेडीयू के 2 लीडर्स ने पार्टी छोड़ी

हमारा समाचार

नई दिल्ली। वक्फ संशोधन बिल 2025 लोकसभा में पारित होने के बाद गुरुवार को राज्यसभा में पहुंचा। यहां भी कई घंटों तक चर्चा हुई और पक्ष-विपक्ष में तीखी तकरार हुई। हालांकि राज्यसभा में भी बिल पारित होने का अनुमान है लेकिन अब अब इस विधेयक को कानूनी प्रक्रिया से गुजरना होगा। इस बीच राज्यसभा में बिल पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा- हमारा प्रयास है कि वक्फ के काम पारदर्शिता आए। अपने संबोधन की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- मुझे उम्मीद है कि सदन इस बिल का समर्थन करेगा। इस बिल का मूल उद्देश्य वक्फ की संपत्ति का रखरखाव करना है। इस बिल पर काफी चर्चा हुई है। मैं इस बिल को लेकर कहना चाहता हूं, इसके खिलाफ जो भ्रम फैलाया जा रहा है उसका विरोध करता हूं। इस बिल को लेकर 2013 बने जेपीसी में सिर्फ 13 सदस्य थे, अब इस बिल को लेकर बने जेपीसी में 31 सदस्य थे। जेपी नड्डा ने कई मुस्लिम देशों का जिक्र करते हुए कहा, वहां पर वक्फ की संपत्ति का रखरखाव सरकारें करती हैं। लेकिन हम तो बस रखरखाव और नियमों से चलने की बात कर रहे हैं। हमारा प्रयास है कि वक्फ की संपत्ति का दुरुपयोग न हो इस लिए ये बिल लाया गया है। इस दौरान जेपी नड्डा ने 2013 वक्फ बिल की कमियां और 2025 के वक्फ बिल की खूबियां भी गिनाई। जेपी नड्डा ने कहा - विपक्ष के लोग जेब में संविधान की किताब लेकर घूमते हैं, हमेशा दिखाते रहते हैं, लेकिन पढ़ते नहीं, इस्तेमाल नहीं करते हैं। संविधान का इस्तेमाल हम करते हैं।

जेपी नड्डा ने गिनाई वक्फ बिल की खूबियां, कहा- हम संविधान से चलते हैं, वो बस किताब ही दिखाते हैं, बीजेडी ने नहीं जारी किया व्हिप; कहा-सांसद अपने विवेक से करें मतदान

- **बिल पर जेपीसी में हुई पर्याप्त चर्चा, अब विरोध करना गलतः नड्डाः** राज्यसभा में वक्फ संशोधन बिल 2025 पर चर्चा के दौरान सदन के नेता जेपी नड्डा ने कहा- हमारा प्रयास है कि वक्फ के काम पारदर्शिता आए। अपने संबोधन की शुरूआत में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा- मुझे उम्मीद है कि सदन इस बिल का समर्थन करेगा। इस बिल का मूल उद्देश्य वक्फ की संपत्ति का रखरखाव करना है।

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड देगा बिल को अदालत में चुनौती

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने गुरुवार को कहा कि अगर राज्यसभा वक्फ (संशोधन) विधेयक को पारित करती है तो वे इसे अदालत में चुनौती देंगे। मौलाना महली ने कहा, अगर यह विधेयक राज्यसभा में पारित होता है तो हम इसे अदालत में चुनौती देंगे। हमें विश्वास है कि संवैधानिक तथ्यों के आधार पर हमें इस मामले में न्याय और राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल (यूनाइटेड) और चंद्रबाबू नायडू के नेतृत्व वाली तेलुगु देशम पार्टी से वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों का विरोध करने की उम्मीद है क्योंकि मुस्लिम समुदाय उनके संबंधित राज्यों में उनका समर्थन करता है। महाली ने कहा, हमें उम्मीद थी कि जेडी(यू) और टीडीपी इस विधेयक का विरोध कर सकते हैं, क्योंकि इन दोनों पार्टियों को अपने-अपने राज्यों में मुस्लिम समुदाय का समर्थन प्राप्त है।

खंडवा में गणगौर विसर्जन के लिए कुएं की सफाई करने उतरे 8 लोगों की मौत, जहरीली गैस ने ली जान

हमारा समाचार

भोपाल। मध्यप्रदेश के खंडवा जिले में गणगौर उत्सव के दौरान बड़ा हादसा सामने आया है। यहां गणगौर मैया के विसर्जन के लिए गांव के कुएं की सफाई करने उतरे आठ लोगों की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण भी कुंए के आसपास जमा है। जानकारी के अनुसार हादसा जिले के छैगांव माखन तहसील में आने वाले कोंडावत गांव में हुआ है। बताया जा रहा है कि गणगौर विसर्जन से पहले गांव के कुएं को साफ करने करीब पांच

लोग उतरे थे, पर काफी देर तक जब वे वापस नहीं आए तो तीन लोग और उन्हें तलाशने कुएं में उतरे, पर वो भी नहीं लौट सके। बाद में लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर फिलहाल छैगांव माखन थाने की पुलिस टीम पहुंची। उन्होंने एंबुलेंस एवं क्रेन बुलवाई और लोगों की तलाश शुरू की गई। सात लोगों के शव निकाल लिए गए हैं।

इन लोगों की हुई मौत

हादसे में जो लोग मारे गए हैं, उनकी पहचान राकेश पिता हरी, वासुदेव पिता आशाराम, गजानंद पिता गोपाल, मोहन पिता मंशाराम, अजय पिता मोहन, शरण पिता सुखराम, अनिल पिता आत्माराम सभी जाति कुन्बीपटेल निवासी कोंडावत के रूप में की गई है। अर्जुन पिता गोविंद का शव करीब आठ बजे निकाला जा सका।

गिरावटः टैरिफ पर डोनाल्ड ट्रंप का फैसला अमेरिका पर ही पड़ा भारी

हमारा समाचार

नई दिल्ली। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की ऐतिहासिक टैरिफ घोषणा के बाद गुरुवार को अमेरिकी शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक भारी बिकवाली के साथ खुले। टैरिफ पर ट्रंप का फैसला अब खुद अमेरिका पर ही भारी पड़ा दिख रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से वैश्विक बाजार में भी मंदी का खतरा पैदा हो गया है। अमेरिका में गुरुवार को बाजार खुलने के बाद प्रमुख इंडेक्स डॉव 1,116 अंक या 2.64% तक गिर गया। व्यापक सूचकांक एसएंडपी 500 इंडेक्स में 3.24% तक

शेयर बाजार में भारी गिरावट

की गिरावट दिखी। बाजार 2022 के मुद्रास्फीति संकट के बाद इंट्राडे में सबसे बड़ी गिरावट की ओर बढ़ गया। टेक शेयरों के बोलबाला वाला नैस्डैक में शुरूआती कारोबार में 4.33% तक की गिरावट दिखी। भारत समेत दुनिया के दूसरे बाजारों में भी बड़ी गिरावट दिखी।

मिला दुर्लभ खनिजों का विशाल भंडार, भारत दे सकेगा चीन की मोनोपोली को टक्कर

हमारा समाचार

बाड़मेर। राज्य के नए जिले बालोतरा में लंबे समय से सिवाना की पहाडियों में दुर्लभ खनिज की खोज की प्रमाणिकता सिद्ध हो गई है। 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ खनिज मौजूद है। भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग ने इसकी ताईद की है। राज्य में 35 दुर्लभ खनिज परियोजनाएं और 195 खोज परियोजनाओं में अब बालोतरा के सिवाना इलाका शामिल है। चीन की मॉनोपोली तोड़ने वाले इन खनिजों पर अब अन्वेषण से आगे तक परमाणु ऊर्जा विभाग कार्य कर रहा है।

अतिरिक्त पुलिस जाब्ता तैनात

बाड़मेर जिले के सिवाना में रेअर अर्थ का बड़ा खजाना होने के संकेत एक दशक पहले ही मिले थे। परमाणु ऊर्जा विभाग ने वर्ष 2021-22 से इस पर कार्य प्रारंभ किया। इसमें जी-4(प्रारंभिक अन्वेषण) और जी-3(संसाधन जुटाने के आगामी स्तर) तक कार्य चल रहा है।

जयपुर ग्रामीण के सांसद राव राजेन्द्रसिंह ने कोयला मंत्री से संसद में जानकारी चाही। इस पर कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने

खजाने की पुष्टि

जवाब में बताया कि परमाणु ऊर्जा विभाग ने राजस्थान के बालोतरा जिले के कुछ हिस्से में कठोर चट्टानी इलाके में 1 लाख 11 हजार 845 टन दुर्लभ मृदा तत्व ऑक्साइड(आरईओ) की खोज की है। राष्ट्रीय महत्वपूर्ण खनिज मिशन के तहत इस पर कार्य हो रहा है। सामरिक और महत्वपूर्ण खनिजों की क्षमता को लेकर अभी राज्य में 35 परियोजनाएं और 195 अन्वेषण का कार्य चल रहा है।

- **अभी यहां से कर रहे आयातः** चीन की दुर्लभ धातु पर मॉनोपोली है। भारत चीन से 700 टन के करीब आयात हर साल कर रहा है। इसके अलावा हांगकांग, जापान, अमेरिका, इंग्लैण्ड, स्वीडन, सिंगापुर, स्वीडन मंगोलिया से कम मात्रा में आयात कर रहा है। भारत का कुल आयात 1185 टन है।

'साढू दो तरह के होते हैं, यह दूसरे वाले हैं', किरोड़ी लाल मीणा पर गोविंद सिंह डोटासरा ने कसा तंज

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने गुरुवार सुबह जयपुर से दिल्ली जाते समय दौसा में रुककर मीडिया से बातचीत की. इस

दौरान उन्होंने किरोड़ी लाल मीणा को लेकर पूछे गए एक सवाल पर जवाब देते हुए कहा, साढू दो तरह के होते हैं। वे दूसरे वाले हैं। यह जवाब सुनकर उनके आसपास खड़े कांग्रेस समर्थक भी अपनी हंसी नहीं रोक पाए। गोविंद सिंह डोटासरा ने 15 सितंबर 2024 को पहली बार किरोड़ी लाल मीणा को अपना साढू बताया था। उन्होंने कहा था कि वे दोनों मिलकर राजस्थान में पर्ची सरकार का तख्तापलट करना चाहते हैं।

सक्रिय राजनीति में किरोड़ी की वापसी

डोटासरा का यह बयान ऐसे समय पर आया है जब राजस्थान के राजनीतिक गलियारों में किरोड़ी लाल मीणा के बैकफुट पर आने की चचार्एं चल रही हैं. 25 मार्च को बीकानेर दौरे के दौरान किरोड़ी लाल मीणा ने बयान दिया था कि वे सक्रिय राजनीति में फिर से वापसी कर रहे हैं. इसके बाद कोटा में उन्होंने कहा कि वे अब पूरी तरह सरकार के साथ हैं और बतौर कृषि मंत्री ऐसा काम करेंगे जो पिछले 10 सालों में नहीं हुआ. इस बयान के वायरल होने के बाद से ही सवाल उठ रहा है कि है कि आखिर ऐसा क्या हुआ जो मीणा ने अपना बागी रुख बदल लिया ?

अपनी ही सरकार को कई बार घेर चुके हैं मीणा

दरअसल, कैबिनेट मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने कई बार अपनी ही सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला है. उन्होंने अलग-अलग मौकों पर अपनी ही पार्टी के नेताओं और नीतियों पर सवाल उठाए हैं. लोकसभा चुनाव में 11 सीटों पर बीजेपी की हार के बाद भी मीणा आक्रामक हो गए थे. जनवरी में उन्होंने सार्वजनिक रूप से कहा कि दौसा सीट पर उनके भाई को हराने के लिए ह्यअभिमन्यु को घेरकर मारने' जैसी साजिश की गई. लेकिन सबसे बड़ा विवाद तब हुआ जब मीणा ने विधानसभा सत्र में अपनी ही सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगाए।

- **अब पुरानी बातें मत कुरेदो, वो बीत गईः** मीणा के इस बयान के बाद पार्टी को उनका रवैया पसंद नहीं आया. भाजपा नेतृत्व ने इसे अनुशासनहीनता माना और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी कर दिया. हालांकि, मीणा ने खुद को अनुशासित सिपाही बताते हुए नोटिस का जवाब दे दिया, लेकिन उनकी बयानबाजी जारी रही।

पार्षदों के लिए खुशखबरी भत्ता दस प्रतिशत बढ़ा

सरकार ने जारी किए आदेश

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान सरकार ने नगरीय निकायों (नगरपालिका, परिषद, निगम) के जनप्रतिनिधियों के मासिक भत्ते में करीब 10 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। स्वायत्त शासन विभाग ने गुरुवार को इस संबंध में

आदेश जारी कर दिए। बढ़ोत्तरी 1 अप्रेल से प्रभावी होगी। इसके तहत सभी निकायों के पार्षद शामिल हैं। बता दें कि हाल ही में राज्य सरकार ने 8 लाख कर्मचारियों का महंगाई भत्ता व 4 लाख 40 हजार पेंशनरों की महंगाई राहत में दो प्रतिशत बढ़ोतरी की थी। अब महंगाई भत्ता-महंगाई राहत 53 से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गए, जिसे एक जनवरी से लागू मानते हुए लाभ दिया जाएगा। पंचायत समिति व जिला परिषद कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। सेवारत कर्मचारियों का अब तक का एरियर सामान्य प्रावधायीनिधि (जीपीएफ) खाते में जमा होगा और अगले महीने सेबढ़ा हुआ वेतन मिलेगाजबकि पेंशनरों को अगली पेंशन में एरियर राशि जुड़कर मिलेगी। इससे राज्य पर लगभग 820 करोड़ रुपए अतिरिक्त वार्षिक वित्तीय भार आएगा।

हमारा समाचार की खबर का असर.. | जयपुर-दिल्ली हाईवे 48 स्थित शाहपुरा का है मामला

आखिरकार जागा एनएचएआई.. नेशनल हाईवे-48 की ली सुध

खबर प्रकाशित होने के बाद हिला एनएचएआई प्रशासन, नेशनल हाईवे पर उखड़ी डामर और गड्डों की मरम्मत शुरू

सडक पर उखड़ी पड़ी डामर

उखड़ी डामर को मशीन से हटवाने के बाद की तस्वीर

हमारा समाचार

शाहपुरा। हमारा समाचार की दमदार खबर ने एक बार फिर एनएचएआई प्रशासन को नींद से जगाने का काम किया है। जयपुर-दिल्ली नेशनल हाईवे-48 स्थित शाहपुरा क्षेत्र में डामर उखडने और गड्ढों की वजह से लगातार हो रहे हादसों को लेकर हमारा समाचार ने 1 अप्रैल 2025 के अंक में 'रोजाना लाखों का टोल फिर भी गड्ढों का झोल' शीर्षक से खबर प्रकाशित की थी। खबर प्रकाशित होने के तुरंत बाद एनएचएआई प्रशासन हरकत में आया और आनन-फानन में हाईवे पर जगह-जगह उखड़ी पड़ी डामर को मशीन की सहायता से हटवा दिया। एपएचएआई प्रशासन ने कई जगहों पर उखड़ी हुई डामर को हटाकर नई डामर बिछाने का कार्य शुरू कर दिया

1अप्रैल 2025 के अंक में प्रकाशित खबर

रोजाना 'लाखों का टोल' फिर भी 'गड्ढों का झोल'...
बेहाल एनएच 48; सवालों के घेरे में एनएचएआई!
गर्मी शुरू होने से पहले ही उखड़ने लगी डामर, राष्ट्रीय राजमार्ग पर ही चालक परेशान
एक अप्रैल से हाईवे पर चलना होगा महंगा
100 से ज्यादा टोल प्लाजा पर दरों में इजाफा

है और अब जल्द ही दिल्ली तिराहे के पास भी सडक पर नई डामर बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा। जानकारी के अनुसार, गर्मी शुरू होने से पहले ही हाईवे पर बिछाई गई डामर जगह-जगह उखडने लगी थी, जिससे सडक पर गड्ढे बन गए थे। इससे वाहन चालकों को रोजाना मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा था और दुर्घटनाओं की संख्या भी बढ़ रही थी। स्थानीय निवासियों ने सडक निर्माण की गुणवत्ता पर भी सवाल उठाए थे। जब हमारा समाचार ने इस गंभीर मुद्दे को प्रमुखता से उठाया तो एनएचएआई प्रशासन पर दबाव बना और उन्होंने तुरंत हाईवे पर उखड़ी पड़ी डामर को मशीन की सहायता से हटवाया। कई जगहों पर उखड़ी पड़ी डामर और गड्ढों को ठीक करवाने का काम शुरू करवा दिया गया है। अब जल्दी ही दिल्ली तिराहे पर भी नई डामर बिछाने का कार्य शुरू किया जाएगा।

एनएचएआई प्रशासन को था हादसों का इंतजार, अब आई सुध

आनन-फानन में हाईवे पर उखड़ी डामर को मशीन से हटवाया

सवाल यह उठता है कि क्या एनएचएआई प्रशासन को हादसों का इंतजार था ?। प्रशासन को ना तो जनता की तकलीफों की फिक्र थी और ना ही किसी दुर्घटना के प्रति जागरुकता। अब मीडिया के दबाव के बाद जागे प्रशासन से एक बार फिर यहीं सवाल है कि क्या एनएचएआई अब इस मरम्मत कार्य को टिकाऊ बनाएगा या फिर कुछ महीनों बाद फिर वही समस्या सामने आएगी ? हमारा समाचार इस पूरे मामले पर नजर बनाए रखेगा।

बिम्सटेकः बांग्लादेश के यूनुस से मिल सकते हैं पीएम मोदी

नेपाली PM ओली से भी मिलने की संभावना

हमारा समाचार

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को बैंकॉक में बांग्लादेश, नेपाल और म्यांमार के नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं। यह बैठक बिम्सटेक (बे ऑफ बंगाल इनीशिएटिव फॉर मल्टी-सेक्टरल टेक्निकल एंड इकोनॉमिक कोऑपरेशन) सम्मेलन के दौरान होगी। बिम्सटेक सम्मेलन 2018 के बाद पहली बार आमने-सामने हो रहा है, जहां भारत अपनी पड़ोसी कूटनीति (नेबरहुड फर्स्ट पॉलिसी) को आगे बढ़ाने की कोशिश करेगा। सूत्रों के मुताबिक, पीएम मोदी बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस से मिल सकते हैं। यह बैठक इसलिए अहम मानी जा रही है क्योंकि अगस्त 2024 में शेख हसीना की सरकार जाने के बाद दोनों देशों के रिश्ते थोड़े कमजोर हुए हैं। भारत में यह भी चर्चा है कि यूनुस का बांग्लादेश की सरकार पर कितना प्रभाव है। बता दें कि, हाल ही में मोहम्मद यूनुस ने चीन का दौरा किया था, जहां उन्होंने भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र को लेकर कुछ बयान दिए, जिससे भारत असहज महसूस कर रहा है। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी ने 26 मार्च को बांग्लादेश के राष्ट्रीय दिवस पर मोहम्मद यूनुस को पत्र लिखकर भारत-बांग्लादेश की दोस्ती को मजबूत करने का संदेश दिया था। प्रधानमंत्री मोदी नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली से भी मिल सकते हैं।

करधनी विस्तार योजनाः 15 बीघा सरकारी भूमि को कराया अतिक्रमण

हमारा समाचार

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा जोन-12 में कालवाड रोड़ पर करधनी विस्तार योजना में जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती 50 करोड़ रुपए की करीब 15 बीघा सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। इसी जोन में निजी खातेदारी की करीब 07 बीघा कृषि भूमि पर 02 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। जोन-9 में जगतपुरा अशोक विहार में सरकारी आम रास्तें, रोड सीमा की भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। जोन-10 में निजी खातेदारी की करीब 03 बीघा कृषि भूमि पर 03 नवीन अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त किया गया। महानिरीक्षक पुलिस कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड रोड पर करधनी विस्तार योजना में जेडीए स्वामित्व

दस बीघा भूमि पर पांच अवैध कॉलोनियों को पूर्णतः ध्वस्त

की बेशकीमती करीब 15 बीघा सरकारी भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर अवैध रूप से 80 झुग्गी-झोपड़िया, तिरपाल, बांस तम्बू लगाकर, व अन्य सामान डालकर अवैध कब्जें-अतिक्रमण किये जाने की सूचना प्राप्त होने पर आज उपायुक्त जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ

की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त कर हटवाया जाकर जेडीए स्वामित्व की बेशकीमती सरकारी भूमि को कब्जा-अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। उक्त अतिक्रमण मुक्त भूमि की अनुमानित कीमत करीब 50 करोड़ रुपए है। जेडीए द्वारा जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड रोड पार्थ सिटी के पीछे मण्डाभोपा वास, जिला जयपुर में करीब 04 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर दिव्या कॉलोनी के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन, लोखण्डा मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। जोन-12 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित कालवाड रोड पार्थ सिटी के पीछे ही, जिला जयपुर में करीब 03 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर ह्यलक्ष्मी विहारह्य के नाम से बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-12 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन, लोखण्डा मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया। इसी प्रकार जोन-09 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित जगतपुरा अशोक विहार में सरकारी आम रास्ते, रोड सीमा की भूमि पर कब्जा-अतिक्रमण कर बाउण्ड्रीवाल, बनाकर रास्ता अवरूद्ध कर रखा था जिससे स्थानीय लोगो आमजन को रास्तें को लेकर भारी समस्या का सामना करना पड रहा था जिसकी सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-09 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन व मजदूरों की सहायता से हटवाया जाकर सरकारी आम रास्तें, रोड सीमा की भूमि को अतिक्रमण मुक्त करवाया गया। साथ ही जोन-10 के क्षेत्राधिकार में अवस्थित आगरा रोड डूड नदी के दांयी तरफ जिला जयपुर में करीब 01 बीघा निजी खातेदारी कृषि भूमि पर जेडीए की बिना स्वीकृति-अनुमोदन के एवं बिना भू रूपान्तरण करवायें भूमि को समतल कर बनाई गई मिट्टी-ग्रेवल सडकें व अन्य अवैध निर्माण कर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने की सूचना प्राप्त होने पर आज जोन-10 के राजस्व व तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते द्वारा जेसीबी मशीन, लोखण्डा मशीन व मजदूरों की सहायता से ध्वस्त किया जाकर नवीन अवैध कॉलोनी बसाने के प्रयास को विफल किया गया।

108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की पूणार्हुति पर आयोजित कार्यक्रम में आयेंगे गृह मंत्री अमित शाह

बगरू विधायक डॉ.कैलाश वर्मा ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

हमारा समाचार

जयपुर (ओ पी चौधरी)। श्री 1008 बाबा बालनाथ महाराज की तपोस्थली, पावटा में विगत एक वर्ष से अनवरत रूप से चल रहे 108 कुण्डीय महामृत्युंजय रूद्र महायज्ञ की पूणार्हुति के शुभ अवसर पर 06 अप्रैल 2025 को "विशाल भंडारा एवं सत्संग" का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेन्द्र यादव सहित कई गणमान्य सांसदगण एवं

विधायकगण उपस्थित रहेंगे। गुरुवार को बगरू विधायक डॉ. कैलाश वर्मा ने पावटा तपोस्थली पहुँचकर पूज्य महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं यज्ञ की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि व्यवस्थाएं अंतिम दौर में हैं। डॉ वर्मा ने महामृत्युंजय यज्ञ की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह यज्ञ केवल आध्यात्मिक साधना ही नहीं, बल्कि संपूर्ण विश्व के कल्याण हेतु एक शक्तिशाली माध्यम है। इस प्रकार के वैदिक अनुष्ठान सनातन संस्कृति की महान परंपराओं को आगे बढ़ाने में सहायक होते हैं। डॉ. कैलाश वर्मा ने कहा कि महामृत्युंजय यज्ञ के माध्यम से राष्ट्र एवं समाज की सुख-समृद्धि के लिए दिव्य ऊर्जा उत्पन्न होती है। यह यज्ञ न केवल आत्मिक शुद्धि करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य संवर्धन एवं सकारात्मक ऊर्जा के संचार में भी सहायक होता है। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं एवं भक्तों से आह्वान किया कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पवित्र अनुष्ठान में भाग लें।

ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटी ब्याज एवं पेनल्टी में छूट का ले लाभ

हमारा समाचार

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय विकास विभाग के आदेशों की अनुपालना में ट्रांसपोर्ट नगर के आवंटियों से प्रथम किस्त दिनांक 31.03.2025 तक जमा करवाकर ब्याज एवं पैनल्टी में छूट प्रदान की गई थी, जिसे 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया है। जयपुर विकास आयुक्त आनन्दी ने बताया कि नगरीय विकास विभाग, राजस्थान सरकार द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में आवंटियों को चार त्रैमासिक किस्तों में ब्याज एवं पैनल्टी में छूट के साथ राशि जमा करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। यह छूट प्रथम किस्त दिनांक 31.03.2025 तक जमा की शर्त पर दी गई थी, जिसे 30 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया है। इस संबंध में प्रमुख शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग द्वारा एक माह में प्रकरण के निस्तारण करने के निर्देशों के फलस्वरूप दिनांक 31.03.2025 तक जमा करवाये जाने पर ब्याज व पेनल्टी की छूट प्रदान करने के आदेश जारी किये गये थे।

अवैध कनेक्शनों पर जलदाय विभाग की बड़ी कार्रवाई

जेसीबी से खुदाई कर 15 अवैध कनेक्शन काटे

अवैध कनेक्शन जोड़कर सिंचाई और अन्य कार्यों में ले रहे थे पानी का उपयोग

हमारा समाचार

जयपुर। बिशनगढ़ से शाहपुरा और मनोहरपुर में पानी सप्लाई के लिए बिछाई गई राइज़िंग पाइपलाइन में हो रहे अवैध कनेक्शनों पर जलदाय विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। विभाग की टीम ने पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचकर जेसीबी से खुदाई कर 15 अवैध कनेक्शनों को काट दिया। जानकारी के अनुसार कुछ लोगों ने भूमिगत पाइपलाइन से अवैध रूप से कनेक्शन जोड़कर सिंचाई और अन्य कार्यों में पानी का उपयोग कर रहे थे। इससे मनोहरपुर और शाहपुरा में पानी की आपूर्ति प्रभावित हो रही थी। जलदाय विभाग को लाइन में अवैध कनेक्शन होने की सूचना

मिली। जिसके बाद विभाग ने त्वरित कार्रवाई की। जलदाय विभाग के अधिकारी पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे और जेसीबी की सहायता से खुदाई शुरू की। इस दौरान 15 अवैध कनेक्शन पाए गए, जिन्हें तत्काल काट दिया गया। जलदाय विभाग ने साफ कह दिया कि जलापूर्ति बाधित करने वाले अवैध कनेक्शनों के खिलाफ आगे भी सख्त कदम उठाए जाएंगे। विभाग ने आमजन से भी अपील की है कि अवैध रूप से पानी का उपयोग न करें और किसी भी अनियमितता की सूचना तुरंत विभाग को दें। कार्रवाई के दौरान जलदाय विभाग के एईएन शिशुपाल सैनी, नानगराम जांगिड़, रामेश्वर प्रसाद गोठवाल सहित विभागीय कर्मचारी और पुलिस बल मौजूद रहा।

एमएनआईटी जयपुर में पीएम केवीएस पीजीटी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम

हमारा समाचार

जयपुर। राजस्थान सरकार के डीएसटी सचिव वी. सरवण कुमार ने एमएनआईटी जयपुर के सहयोग से आईएचएफसी द्वारा आयोजित पीएम केवीएस के पीजीटी के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कोडिंग विषय पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में राजस्थान राज्य के लगभग 55 पीजीटी भाग ले रहे हैं, इस कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को माइक्रोकंट्रोलर, सेंसर और मशीन लर्निंग के विषय में व्यावहारिक अनुभव प्रदान करना है। साथ ही, इस कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, प्रतिभागी विज्ञान और इंजीनियरिंग अन्वेषण (एसईई) पहल के तहत अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं का भी दौरा करेंगे और वास्तविक दुनिया की चुनौतियों के लिए अभिनव समाधान विकसित करने के लिए टीम-उन्मुख परियोजनाओं में शामिल होंगे। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी- 2020) के अनुरूप है, जो नवाचार से प्रेरित शिक्षा को बढ़ावा देती है और अत्याधुनिक तकनीकों के साथ कक्षा के अनुभवों को बढ़ाने के लिए शिक्षकों को सशक्त बनाती है।

एनएसई एकेडमी लिमिटेड ने थंडरबर्ड स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट के साथ किया सहयोग

हमारा समाचार

जयपुर। एनएसई एकेडमी लिमिटेड (एनएएल), नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी ने एरिजोना स्टेट यूनिवर्सिटी (एएसयू) के थंडरबर्ड स्कूल ऑफ ग्लोबल मैनेजमेंट (थंडरबर्ड) के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके तहत प्रौद्योगिकी, वित्त और व्यावसायिक शिक्षा पर केंद्रित संयुक्त प्रमाणपत्र कार्यक्रम पेश किए जाएंगे। इस सहयोग का उद्देश्य पेशेवरों और वरिष्ठ लीडर्स को व्यापक और उद्योग-प्रासंगिक कौशल से लैस करना है। सहयोग के तहत, एनएसई एलेदमी और थंडरबर्ड स्थानीय शैक्षिक और प्रशिक्षण विशेषज्ञता को विश्व स्तर पर मान्यता प्राप्त, शोध-संचालित पाठ्यक्रम के साथ जोड़कर एआई और वित्त, एजाइल नेतृत्व, डिजिटल वित्त और डिजिटल परिवर्तन में अनुप्रयोग-उन्मुख कार्यक्रम प्रदान करेंगे। ये गहन बूटकैंप-शैली के कार्यक्रम प्रतिभागियों को व्यावहारिक कौशल से सशक्त बनाएंगे, जिन्हें वे कार्यस्थल पर तुरंत लागू कर सकते हैं। सहयोग प्रौद्योगिकी नेतृत्व पर केंद्रित विस्तारित कार्यक्रम प्रदान करेगा, जिसका उद्देश्य नई प्रौद्योगिकियों को अपनाने के माध्यम से स्थायी व्यावसायिक प्रथाओं के लिए उत्प्रेरक के रूप में कार्य करने के लिए अगली पीढ़ी के लीडर्स को लैस करना है।

अशोक लेलैंड ने उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी को बढ़ाया, मिजार्पुर में शुरू की नई एलसीवी डीलरशिप

जयपुर। हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी वाणिज्यिक वाहन निमार्ता कंपनी अशोक लेलैंड ने आज चुनार (मिजार्पुर) में अपने हल्के वाणिज्यिक वाहनों के लिए एक नई डीलरशिप का उद्घाटन किया। यह उत्तर प्रदेश राज्य में कंपनी की 22वीं एलसीवी डीलरशिप है। नए चैनल पार्टनर आरडीएस ऑटोसेल्स के पास 3एस (बिक्री, सेवा और स्पेयर) सुविधा है जो चुनार रोड, जमुई जमुहार जिला मिजार्पुर में महत्वपूर्ण लोकेशन पर स्थित है। यह सुविधा उन्नत उपकरणों से सुसज्जित है, और इसमें बेहतर ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए अत्याधुनिक बुनियादी ढांचा है। कंपनी वर्तमान में एलसीवी उत्पादों की एक श्रृंखला पेश करती है, जिसमें शामिल हैं।

चलती ट्रेन में सामान चोरी करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार किया

हमारा समाचार

फुलेरा। राजकीय रेलवे पुलिस ने चलती ट्रेनो से यात्रीयो का सामान चुराने वाले एक शातिर चोर को पकड़ कर उससे एक मोबाईल फोन बरामद किया। जी आर पी थाना निरीक्षक गुलजारीलाल ने बताया की एकमहिला यात्री श्रीमतीश्रुती मुकिम धर्मपत्नी शोरभ मुकिम जाति जैन निवासी कोटगेट बीकानेर ने मेडता रोड जीआरपी थाने मे मामला दर्ज करा कर बताया कि वह गत 30 मार्च को हरिद्वार स्पेशल गाडी के आरक्षित कोच मे यात्रा कर रही थी।यात्रा के दोरान उसके पीले रंग के बैग मे आधार कार्ड, पेन कार्ड. डीएल, चाँदी के सिक्के, 2 सोने की चुडीया, पुखराज अंगुठी एक, चश्मा, चार्जर, हिसाब किताब की डायरी, 7 हजार रुपये नकदी तथा पाउच मे कोस्मेटिक का सामान था। जो उपरोक्त

सामन सहित लेडिज पर्स को दाहिने हाथ में डाल कर सो रही थी तथा चलती ट्रेन 31मार्च को सुबह समय करीबन 3.00 एएम पर ट्रेन धिरे धिरे चल रही थी तब एक लम्बा तगडा व्यक्ति जिन्स पहना हुआ व सर्ट पहना हुआ आया तथा लेडिज पर्स छिन कर चुरा कर लेकर भाग गया। ट्रेन में हो हल्ला किया तब आस पास की सीटो पर सोये यात्री भी जगे तथा ट्रेन धिरे धिरे रेलवे स्टेशन फुलेरा पार कर चुकी थी।परिवादीया की रिपोर्ट पर पुलिस ने एक टीम गठित कर परिवादीया के बताये हुलिया के आधार पर टीम को तलाश मे रवाना किया गया । टीम द्वारा रेल्वे स्टेशन फुलेरा व कस्बा फुलेरा के सीसीटीवी कैमरा के फुटेज देखे गये। मुखबिर खास व तकनिकी आसचुना का विकास कर तलाश शुरू की गई तो आरोपी रजनीश पुत्र चन्द्रपाल जाति कुम्हाल उम्र 38 साल निवासी मल्याना थाना टी.पी. नगर जिला मेरठ उ.प्र.हाल शास्त्री पार्क खजूरी डीएलएफ रोड गली न 7 थाना खजुरी दिल्ली को मय प्रकरण हाजा के माल परिविदिया का एक मोबाईल फोन के साथ गिरफ्तार किया ।आरोपी को गिरफ्तार करने मे लक्ष्मीनारायण सउनि, श्रीकृष्ण व सोदानमल कानि. की विशेष भुमिका रही।

नए इनोवेटिव अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट प्रोग्रामों की घोषणा

जयपुर। मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर (एमयूजे), जो शैक्षिक उत्कृष्टता और इनोवेशन के लिए जाना जाता है, ने विभिन्न क्षेत्रों में नए अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट प्रोग्रामों की शुरूआत की घोषणा की। ये नए कार्यक्रम उद्योग विशेषज्ञों और अकादमिकों के साथ सहयोग करके सावधानीपूर्वक डिजाइन किए गए हैं, ताकि एक ऐसा पाठ्यक्रम तैयार किया जा सके जो सिद्धांतात्मक ज्ञान के साथ व्यावहारिक अनुप्रयोगों को भी जोड़ता हो। इन प्रोग्रामों की शुरूआत विशिष्ट कौशल और उभरते हुए करियर अवसरों की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए की गई है। यह जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मणिपाल यूनिवर्सिटी जयपुर के रजिस्ट्रार, डॉ अमित सोनी ने दी। इस अवसर पर डायरेक्टर एडमिशन, एमयूजे, डॉ प्रकाश रमानी भी उपस्थित रहे। नवीनतम लॉन्च किए गए पाठ्यक्रमों में शामिल हैं: बैचलर ऑफ फामेर्सी (बी.फामेर्सी); एम.एससी. फूड साइंस एंड टेक्नोलॉजी; बीकॉम (ऑनर्स) फिनटैक; एम.टैक इन कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग(सीएसई);

एम.टैक साइबर सिक्योरिटी और एम.एससी. साइबर सिक्योरिटी। डायरेक्टर एडमिशन, एमयूजे, डॉ प्रकाश रमानी ने बताया कि अत्याधुनिक बुनियादी ढांचे, प्रतिष्ठित फैकल्टी और अनुभवात्मक शिक्षा पर ध्यान केंद्रित करते हुए, एमयूजे उच्च शिक्षा में एक अग्रणी संस्थान बना हुआ है। यूनिवर्सिटी छात्रों को इन नए शैक्षिक अवसरों का अन्वेषण करने और एक परिवर्तनकारी शैक्षिक अनुभव का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करता है। इन कार्यक्रमों के लिए प्रवेश 2025-26 शैक्षिक सत्र के लिए अब खुले हैं।

प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचे लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ

कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने मानपुरा माचेड़ी में अधिकारियों को दिये निर्देश

हमारा समाचार

जयपुर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने गुरुवार को आमेर उपखण्ड के मानपुरा माचेड़ी गांव में विकास कार्यो का जायजा लिया। इस दौरान जिला कलक्टर ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पंचायत भवन, वाचनालय सहित अन्य विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से संवाद भी किया एवं फीडबैक भी लिया। कलक्टर ने पंचायत भवन में आयोजित बैठक में अधिकारियों को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक राज्य सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के निर्देश दिये। जिला कलक्टर ने चिकित्सा अधिकारी से प्राथमिक चिकित्सा

केन्द्र में साफ-सफाई, दवाओं, चिकित्सकीय उपकरणों सहित अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही, कृषि पर्यवेक्षक से कृषक कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन की भी समीक्षा की। इस दौरान मानपुरा माचैड़ी सरपंच श्रीमती पिंकी रैगर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कार्मिक मौजूद रहे।

लापरवाहीः बिना नम्बर प्लेट के बैखोफ दौड़ रहे हैं डम्पर

हमारा समाचार

बोराज। आम जनता के वाहन पर अगर नम्बर प्लेट नही हो तो पूलिस व परिवहन विभाग कारवाई करने में देर नहीं लगाते है। लेकिन बात अवैध खनन परिवहन में चलने वाले डंपरों की हो तो परिवहन विभाग आंखें बंद कर लेता है। ऐसा ही नजारा आजकल सड़कों पर देखने को मिल रहा है।परिवहन विभाग की अनदेखी के चलते इन दिनों सड़कों पर बिना नम्बर प्लेट के ओवरलोड वाहन दोडते नजर आ रहे हैं। चोमू

मंहला फलोदी मेगा हाइवे पर बोराज आसलपुर रोड़ पर कई डंपर बिना नम्बर के चलते है।अवैध परिवहन में लिप्त डंपर मालिक डंपर पकड़े जाने के भय से डंपर पर नम्बर प्लेट ही नहीं लगवाते हैं।ग्रामीणों ने बताया कि बिना नम्बर के वाहन कई बार दुर्घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं। ग्रामीणों ने परिवहन विभाग और पुलिस टीम से बिना नम्बर प्लेट के चलने वाले डंपरों व? वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

बिसाऊ तहसीलदार का चार्ज एएओ को देने का मामला, तहसीलदार–पटवारी माने तो मंत्रालयिक कर्मचारी हो गए नाराज, सूने पड़े है राजस्व से जुड़े दफ्तर

हमारा समाचार

झुंझुनूं। जिले की बिसाऊ तहसील में खाली तहसीलदार के पद पर कलेक्ट्रेट के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को चार्ज देने का विवाद नहीं थम रहा है। पहले इस चार्ज देने के विरोध में जिले के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, गिरदावर और पटवारियों ने विरोध किया और गुरूवार से कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी। राजस्व सेवा परिषद के दबाव के बाद जिला कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को दिए गए चार्ज का आदेश वापिस ले लिया तो सुबह राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी आंदोलन पर उतर गए। गुरूवार को झुंझुनूं जिले के 250 के करीब राजस्व मंत्रालयिक कर्मचारी पैन डाउन हड़ताल पर है। कलेक्ट्रेट और एसडीएम कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे है। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने से कलेक्ट्रेट,

एसडीएम, तहसील व नायब तहसीलदार कार्यालय के काम ठप हो गए है। कर्मचारी नेता विपिन नूनियां तथा राजेश बजाड़ ने बताया कि राजस्व मंडल के आदेशों की पालना में कलेक्टर रामावतार मीणा ने अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी सुरेंद्र सिंह को तहसीलदार बिसाऊ का चार्ज दिया था। लेकिन राजस्व सेवा परिषद ने बेवजह ही आदेश का विरोध किया और दबाव में लेकर कलेक्टर से आदेश वापिस करवा दिया। लेकिन कलेक्टर को भी भावना और दबाव में आकर ऐसा नहीं करना चाहिए था। कर्मचारियों ने कहा है कि जब तक बिसाऊ तहसीलदार का चार्ज वापिस अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी को नहीं दिया जाता। वे कार्यालयों में नहीं लौटेंगे। इधर, इस मामले को लेकर शुक्रवार को पूरे प्रदेश के कर्मचारी जयपुर में जुटेंगे और विरोध प्रदर्शन करेंगे। वहीं कर्मचारियों की हड़ताल के कारण आज कलेक्ट्रेट, एसडीएम और तहसील कार्यालय सूने रहे। आने वाले परिवादियों को हड़ताल के कारण वापिस लौटना पड़ा।

मंदिर की संपत्ति बेचना या अन्य के नाम स्थानांतरित करना गैर कानूनी: ओपी बायला

भू-माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई व मंदिर भूमि का विक्रय रद्द करवाने की मांग

राम भवन व श्रीराम मंदिर सम्पत्ति विक्रय किये जाने से ग्रामीणों में आक्रोश

हमारा समाचार

पावटा। नगरपालिका पावटा-प्रागपुरा में सुभाष चौक स्थित राम भवन व श्रीराम मंदिर की सम्पत्ति को विक्रय किये जाने के मामले में ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। प्राचीन मन्दिर को भामाशाह कोटपूतली निवासी गौरी सहाय के पुत्र प्रभुदयाल पटवारी की धर्मपत्नी घोटी देवी द्वारा बनवाया गया था। आरोप है कि जिन्हें मंदिर की देखरेख व रख रखाव के लिए नियुक्त किया वो ही इसे बेचने पर तुले है। पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने भी इस मामले को लेकर नाराजगी व्यक्त की है तथा उक्त प्रकरण को लेकर वे बुधवार दोपहर करीब 1 बजे रामभवन में लोगों के साथ पहुंचे। जहां पण्डित सुरेश शर्मा की अध्यक्षता में ग्रामीणों ने आक्रोश जताया। इस मौके पर पूर्व विधायक इन्द्रराज गुर्जर ने सम्बोधित करते हुए कहा कि पावटा में भूमाफिया सक्रिय हो चुके है। भामाशाहों द्वारा दान की मंदिरों की भूमि को भी नहीं छोड़ रहे है। यहां भी दो लोगों को मोहरा बनाकर रामभवन व श्रीराम मंदिर भूमि को हड़पना चाहते है। गुर्जर ने कहा कि उन लोगों कि मंशा यहाँ कॉम्प्लेक्स बनाने की है, जो सरासर गलत है। उन्होंने

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से हस्तक्षेप की अपील की। पूर्व पार्षद सांवर मल बंसल ने बताया कि यह भूमि धर्मार्थ के लिए दान की गई थी, जिसका उपयोग केवल धार्मिक कार्यों के लिए होना चाहिए। सामाजिक कार्यकर्ता ओपी बायला ने कहा कि मंदिर की जमीन को बेचने का अधिकार किसी व्यक्ति को नहीं है। बायला ने कहा कि मंदिर की संपत्ति को बेचना या किसी अन्य के नाम स्थानांतरित करना गैरकानूनी है। भामाशाह परिवार सदस्य व पूर्व वार्ड पार्षद सांवर मल बंसल, पूर्व जिला पार्षद जगदीश मीणा, गौसेवक सुशील योगी, पूर्व प्रधान महादेव यादव, जगदीश डाबड, कन्हैयालाल मीणा, बजरंग लाल, नरेश बंसल आदी वक्ताओं ने कहा कि मंदिर निर्माण करवाने वाला परिवार हाल में छत्तीसगढ़ में रहता है और उन्होंने वहीं मकान बना लिये है। जिसका फायदा उठाते हुए उन्हीं के एक दूर के रिस्तेदार ने इस रामभवन व मंदिर की भूमि का हक जताते हुए बेचान नामा लिख दिया। क्षेत्र के लोगों को जब इस सम्बन्ध में जानकारी लगी तो उन्होंने इसकी कड़े शब्दों में निन्दा की और विरोध दर्ज करवाते हुए मंदिर भूमि विक्रय को रद्द करवाने की मांग की। लोगों का आरोप है कि मंदिर की 22 बिस्वा भूमि से 11 बिस्वा खाली जमीन राजस्व अधिकारियों की मिलीभगत से बेची जा रही है, जबकि यह धार्मिक एवं जनोपयोगी संपत्ति है। जबकी यहाँ नियमित रूप से पूजा पाठ व धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन ने भू-माफियाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं की, तो जनता बड़े आंदोलन के लिए सड़क पर उतरने को मजबूर होंगी। इस दौरान सुरेश कुमार बजरंगपुरा, मालीराम बाड़ीगर, विनोद यादव, जितेन्द्र यादव प्रागपुरा, सीताराम सिंघल, सुनील बिड़ला, ओमप्रकाश गौड, दीपक गोयल, विजय राठी, कैलाश चौधरी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

रघुनाथ जी मंदिर मे राम जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू

हमारा समाचार

नरैना। कस्बे के प्राचीन रघुनाथ जी मंदिर में रामनवमी पर प्रभु श्रीराम के जन्मोत्सव की तैयारियां शुरू हो गई है। मंदिर के पुजारी पंडित कैलाश चंद शास्त्री ने बताया कि रामनवमी से एक दिन पूर्व अष्टमी की संध्या आरती के पश्चात मंदिर परिसर मे संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया जायेगा! पुजारी कृष्ण कांत आशुतोष दाधीच ने बताया कि रामनवमी पर ठाकुर जी के गर्भगृह की प्राकृतिक फूलों से साज सज्जा की जायेगी, जबकि गर्भगृह के बाहर मंदिर परिसर को भव्यरूप से सजाया जायेगा। रामनवमी पर पंचामृत से अभिषेक के पश्चात दोपहर सवा बारह बजे प्रभु श्रीराम का जन्म होगा। महाआरती के पश्चात प्रसाद वितरण होगा।

परिंडे: सांभर दरबार स्कूल में पक्षियों के लिए परिंडे लगाए

हमारा समाचार

सांभरलेक। पीएम श्री दरबार राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में समाजसेवी लाला भाई (सूरत वाले) द्वारा प्रदत्त 15 मिट्टी के परिंडे लगाए गए। प्रधानाचार्य टीकम चंद मालाकार व विद्यालय स्टाफ ने विद्यार्थियों के सहयोग से परिंडे स्थापित किए और प्रतिदिन पानी भरने की जिम्मेदारी ली। एनएसएस प्रभारी दीपक गोठरवाल के निर्देशन में विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण हेतु श्रमदान किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि यह पहल बच्चों में पर्यावरण और जीवों के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सहायक होगी।

देवनारायण महाराज मंदिर से हुई पदयात्रा रवाना

हमारा समाचार

रेनवाल मांजी। कस्बे में स्थित देवनारायण महाराज मंदिर से तृतीय पदयात्रा पित देव महाराज मंदिर के स्थान के लिए रवाना हुई।प्रहलाद मीणा ने जानकारी देते हुए बताया कि गुर्जर मीणा मोहल्ले में बने हुए देवनारायण महाराज के मंदिर से ध्वज पूजा अर्चना के साथ सैकड़ो पद यात्रियों के साथ गाजे बाजे के साथ नगर भ्रमण करती हुई कुम्हारों का मौहल्ला,मुख्य बाजार होती हुई पितृ धाम पहुंची।महिलाएं नाचती,गाती हुई पदयात्रा के साथ चल रही थी। पदयात्रा के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था की गई।इस अवसर पर लालाराम गुर्जर,रतनलाल मीणा,मांगू सिंह धाभाई,मोहन मीणा,देवकरण गुर्जर,ईश्वरलाल जाट,सूरज मीणा,हनुमान मीणा, किशन सहित भक्त उपस्थित रहे।

महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वी जयंती 11 अप्रैल को

हमारा समाचार

पावटा। स्थानीय कस्बे में दिल्ली जयपुर राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी पावटा में माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति एवं माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आगामी 11 अप्रैल शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती बड़े धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाई जायेगी। माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति पावटा कार्यकारिणी अध्यक्ष सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने बताया कि इस मौके पर पावटा सब्जी मंडी से कस्बे के प्रमुख रास्तों से भव्य शोभायात्रा व बाईक रैली निकाली जायेगी तथा डी.पी. हॉस्पिटल में विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं पावटा सब्जी मंडी प्रांगण में निःशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन कर फ्री दवा वितरण की जायेगी। माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था पावटा अध्यक्ष रामसिंह सैनी पटेल ने बताया कि कार्यक्रम को लेकर श्री श्री 1008 मंगलदास जी महाराज के कर कमलों द्वारा महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया है। इस दौरान संस्था सचिव भीमराज सैनी, कोषाध्यक्ष बंशीधर सैनी, उपाध्यक्ष गणेश सैनी समेत अन्य कार्यकर्तागण मौजुद थे।

आरपीएफ रेल सम्पत्ति, यात्रियों बच्चों व महिलाओं की सुरक्षा हेतू कृत संकल्प

उत्तर पश्चिम रेलवे पर चलाए गए विभिन्न सुरक्षा ऑपरेशन के प्रति कर्तव्यनिष्ठ

हमारा समाचार

फुलेरा। उत्तर पश्चिम रेलवे पर रेलवे सुरक्षा बल द्वारा रेल यात्रियों,परिसम्पत्तियों, बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा हेतु विभिन्न प्रकार के आपरेशन चलाये जा रहे है। उ.प. रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशि किरण ने बताया की उत्तर-पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक अमिताभ के कुशल मार्गदर्शन में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा मार्च 2025 में सेवा ही संकल्प के अन्तर्गत प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त ज्योति कुमार सतीजा के कुशल नेतृत्व में निरन्तर अग्रसर रहकर रेलवे परिसर, रेल यात्रियों और बुनियादी ढांचे की सुरक्षा सुनिश्चित करने में समर्पण और दक्षता का उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है, जिसके तहत विभिन्न अभियानों में रेलवे सुरक्षा बल रेल यात्रियों के लिए भिन्न-भिन्न तरीकों से सेवा प्रदान कर

रही है।रेलवे सुरक्षा बल ने वर्तमान वर्ष 2025 में कुल 840 उत्कृष्ट कार्य किये है।ऑपरेशन सतर्क उत्तर पश्चिम रेलवे में माह मार्च में ट्रेनों व रेलवे स्टेशनो पर गहन चैकिंग के दौरान अजमेर स्टेशन पर एक व्यक्ति के पास भारी मात्रा में आभूषण, जिनका वजन करीबन 1.344 किग्रा होना पाया। उक्त व्यक्ति को जीआरपी थाना को सुपुर्द किया गया। वर्ष 2025 में अवैध शराब तस्करी के 39 मामलें डिटेक्ट कर कुल 05 लाख 35 हजार रुपए की अवैध शराब के साथ 18 आरोपियों को पकड़कर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई गई है। ऑपरेशन नारकोस आरपीएफ ने ऑपरेशन नारकोस के तहत उ.प.रेलवे में माह मार्च में 03 मामलों में 37 किलोग्राम डोडा चूरा कीमत 02 लाख 52 हजार रुपए के साथ तीन आरोपीयो को पकडकर राजकीय रेलवे पुलिस को सौपा गया।। ऑपरेशन जीवन रक्षा रेलवे सुरक्षा बल ने ऑपरेशन जीवन रक्षा के तहत माह मार्च में उ. प.रेलवे में दो पुरूष व एक महिला यात्री को चलती गाडी से उतरने व चढने के प्रयास में पैर फिसलने पर रेलवे सुरक्षा बल सदस्यों ने तत्परता व सूझबूझ से अपनी जान जोखिम में डालकर तीनो यात्रीयों की जान बचाकर सराहनीय कार्य किया।

पानी: गर्मी शुरू होते ही पेयजल किल्लत शुरू

सांभर कस्बे मैं पानी खोलने वाला कर रहा अपनी मनमानी

हमारा समाचार

सांभरलेक। पानी के लिए कस्बे में यहां लंबे अरसे से ग्रामीण परेशान हैं। चौबदारे के मोहल्ले में एक वरिष्ठ पत्रकार के घर 5 दिन से पानी नहीं आ रहा है जबकि पानी खोलने वाला विक्रम नाई अपनी मनमानी से वहां पर पानी तो खोलता है लेकिन जब बिजली आ जाती है तब सप्लाई खोलता है वहां पर सब अपनी मोटर लगाकर पानी खींच लेते हैं और एक वरिष्ठ पत्रकार पानी का इंतजार करता रहता है उन्हें जब मालूम होता है की पानी आकर चला गया तब उनके सारे बर्तन खाली रह जाते हैं अगर पानी की सप्लाई बिजली आने से 1 घंटे पहले आए तो पानी भर लेते हैं लेकिन ऐसा होता नहीं यह एक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। छोटा बाजार के कसाई मोहल्ले में नल आते ही महिलाएं घड़े मटकी लेकर दौड़ती देखी जा सकती है। लोग नल आने की आवाज सुनते ही अपने-अपने बर्तनों के साथ खड़े होकर बारी का इंतजार करते रहते हैं ऐसे में सप्ताह भर के लिए पानी भरकर रखना किसी चुनौती से कम नहीं है। होली के बाद तापमान में बढोत्तरी हो गई है। चोबदारो का मोहल्ला में पानी खोलने वाला विक्रम नाई अपनी मनमर्जी से सप्लाई खोलता है जबकि जिसके पास मोटर नहीं है उनके घरों में 5 मिनट ही पानी आ रहा है यह एक परेशानी का सबक है सप्लाई खोलने वाला अपनी मनमर्जी करता है जबकि इसको बिजली आने से 1 घंटे पहले सप्लाई खोलने का नियम है लेकिन इन नियमों को ताक में रखकर जनता को परेशान कर रहा है।

राजावास पंचायत के पंचायत भवन में आयोजित जनसुनवाई में तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर ने किया ओचक निरीक्षण

हालांकि जनसुनवाई का जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी को करना था निरीक्षण

हमारा समाचार

रामपुरा डाबडी। गुरुवार को ग्राम पंचायत राजावास में जन सुनवाई कार्यक्रम था।जहां जन सुनवाई का जिला कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी को औचक निरीक्षण करना था लेकिन जिला कलेक्ट्र में बम की अफवाह के चलते जिला कलेक्टर को दौरा रद्द करना पड़ा। वहीं जिला कलेक्टर के आने की सूचना पर रामपुरा डाबड़ी तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर मौके पर पहुंचे।वहीं शिविर में सरपंच मीनाक्षी देवी मीणा, पटवारी राजकुमार ढाका ,नांगल सिरस

पटवारी नरेंद्र कटेवा ग्राम विकास अधिकारी दिव्या राठौड़ आदि जन सुनवाई में मौजूद रहे।जहां जनसुनवाई का तहसीलदार रामचंद्र गुर्जर ने निरीक्षण किया। इस दौरान तहसीलदार ने ग्रामीणों की समस्याएं भी सुनी।वहीं ग्रामीणों की समस्याओं को शीघ्र ही अधिकारियों को दूर करने को निर्देशित किया। ग्राम पंचायत प्रशासन द्वारा राज्य सरकार की दिशा निर्देशानुसार महीने के प्रत्येक गुरुवार को पंचायत भवन में जनसुनवाई का कार्यक्रम तय होता है। लेकिन पंचायत प्रशासन की बेरुखी के चलते जनसुनवाई की लोगों तक जानकारी नहीं पहुंच पाती।जिससे वह जनसुनवाई से बेखबर रहते हैं। वहीं प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायत भवन के पटल पर सूचना लगाकर इति श्री कर ली जाती है। हालांकि सोशल मीडिया के दौर में पंचायत प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को प्रचार प्रसार किया जाए तो जन समस्या के लिए काफी लोग अपनी समस्या लेकर जनसुनवाई में पहुंच सकते हैं।जनसुनवाई को लेकर तो कई तो वार्डपंचों तक को पता नहीं होता।वो भी अनभिज्ञ रहते है।

श्री हनुमान जन्मोत्सव पर 108 संगीतमय हनुमान चालीसा

लोको वाले बालाजी के12अप्रैल को द्वितीय आयोजन

हमारा समाचार

फुलेरा। कस्बे के मिश्रा कॉलोनी के समीप रेलवे लोको में स्थित श्री दक्षिण मुखी बालाजी के हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में स्थानीय श्रद्धालुओं द्वारा द्वितीय 108 संगीतमय श्री हनुमान चालीसा पठन आयोजन शनिवार 12 अप्रैल 2025 को प्रातः 7:15 बजे से शाम आरती तक 108 श्री हनुमान चालीसा के पाठ किए जाएंगे, कार्यक्रम की जानकारी देते हुए गणपत लाल कुमावत ने बताया कि 108 संगीतमय हनुमान चालीसा का पठन सालासर सुंदरकांड मंडल जायल नागौर एवं बालाजी आराधना परिवार निरंजन एंड पार्टी फुलेरा द्वारा किया जाएगा।

कुमावत ने बताया कि श्रीहनुमान जन्मोत्सव के शुभावसर पर सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर धर्म लाभ उठाने आग्रह किया।

ट्रोमा सेंटर की मांग: सांसद ने की जालोर में मेडिकल कॉलेज की मांग

संसद में बोले लुंबाराम - सिरोही मेडिकल कॉलेज में बने ट्रॉमा सेंटर, काम 40% बाकी

हमारा समाचार

जालोर। जालोर-सिरोही सांसद लुंबाराम चौधरी ने गुरुवार को संसद में जालोर के लिए मेडिकल कॉलेज और सिरोही मेडिकल कॉलेज में ट्रोमा सेंटर खोलने की मांग की। साथ ही अन्य सुविधाओं के विस्तार की मांग की। संसद सत्र के दौरान उन्होंने कहा- जालोर लोकसभा क्षेत्र बहुत बड़ा है, लेकिन जिले में मेडिकल कॉलेज नहीं है। उन्होंने कहा- आमजन को चिकित्सा के लिए बहुत बड़ी परेशानी झेलनी पड़ती है। पूर्ववर्ती कांग्रेस की गहलोत सरकार ने मेडिकल कॉलेज के नाम जालोर की जनता को गुमराह किया। आज जालोर में अभी तक

मेडिकल कॉलेज नहीं है, मेडिकल कॉलेज के लिए बजट भी नहीं है। सरकार जल्द जालोर में मेडिकल कॉलेज स्वीकृत करे। इसके साथ ही उन्होंने सिरोही में कांडला पोर्ट से दिल्ली हाईवे पर होने वाले हादसों का जिक्र करते हुए कहा कि सिरोही मेडिकल कॉलेज मे ट्रोमा सेंटर खुले तो घायलों को जीवनदान मिल सकता है। सिरोही मेडिकल कॉलेज मार्च 2025 में पूरा होना था, अभी तक मात्र 60 प्रतिशत कार्य पूरा हुआ है। 40 प्रतिशत काम बाकी है। इसे जल्द से जल्द पूरा करने की आवश्यकता है। सिरोही मेडिकल कॉलेज मे 162 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 149 पद अभी भी रिक्त हैं। इन पदों को भी जल्द से जल्द भरने की मांग की।

अंबेडकर जयंती समारोह 2025 के लिये बैठक का आयोजन, अलग अलग जिम्मेदारियां सौंपी

हमारा समाचार

रामपुरा डाबडी। प्रांतीय बलाई समाज संस्था भवन में अंबेडकर जयंती की तैयारी को लेकर मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में सर्वसम्मति से एक साथ संयुक्त अम्बेडकरवादी संगठनों के द्वारा अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति पिछड़ा वर्ग द्वारा मिलकर अंबेडकर जयंती मनाने का निर्णय लिया। सभी ने अपनी सहमति प्रदान की एवं अंबेडकर जयंती का पोस्टर का विमोचन किया गया। एवम् मीटिंग की विधिवत शुरूआत की गई। 14 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर जयंती बड़ी ही धूमधाम से मनाई जाएगी। समाज के सभी गणमान्य लोगों से बलाई समाज संस्था के अध्यक्ष महेंद्र कुमार खंडेलवाल द्वारा आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक संख्या में रैली में पहुंचकर रैली को सफल बनाएं। इस अवसर पर सभी समाजों के प्रमुख समाज बंधु मौजूद रहे। महेंद्र खंडेलवाल ने बताया कि

14 अप्रैल अंबेडकर जयंती के अवसर पर संयुक्त अंबेडकर जयंती समारोह समिति जयपुर के तत्वाधान में विश्व रत्न बोधिसत्व संविधान निमार्ता डॉ भीमराव अंबेडकर की 134 की जयंती के अवसर पर वाहन रैली व चल समारोह का आयोजन किया जाएगा। जहां सभी पुरुष व महिलाएं 14 अप्रैल को सुबह 7 बजे मुरलीपुरा सर्किल पर एकत्रित होंगे। सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का वाचन किया जाएगा। सामूहिक रूप से समाज की लड़कियों द्वारा सामूहिक गीत की प्रस्तुतियां दी जाएगी। जयंती समारोह पर सम्राट अशोक ,बाबा साहब अंबेडकर ,तथागत गौतम बुद्ध, शिवाजी महाराज ,माता रमाबाई, संत कबीर दास साहेब ,झलकारी बाई, राष्ट्रपिता ज्योतिबा फुले साहब ,माता सावित्रीबाई फुले सहित भगत सिंह काशीराम साहब ,फूलन देवी की ड्रेस अप में आने वाले बच्चों को बाबा साहब के जीवन पर जन्म से लेकर अंतिम समय तक बाबा साहब का समाज हित में क्या योगदान रहा। इस बारे में सवाल किए जाएंगे सही जवाब देने वाले बच्चों को कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। 12 वर्ष से 25 वर्ष की आयु तक के छात्र-छात्राएं इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इस दौरान भामाशाह कार्यकताओं को भी संस्था के द्वारा सम्मानित किया जाएगा।

सांभर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई

बैठक में सड़क और पानी के मुद्दे छाए रहे

हमारा समाचार

सांभरलेक। पंचायत समिति सांभरलेक की साधारण सभा की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत समिति प्रधान सहदेव गुर्जर ने की, जबकि फुलेरा विधायक विद्याधर सिंह चौधरी और उपखंड अधिकारी अमन चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों को लेकर चर्चा की गई। बैठक के दौरान हाल ही में उपचुनाव में निर्वाचित वार्ड नंबर 13 के सदस्य नरेंद्र कुमार उज्जवल का स्वागत किया गया। समिति के सदस्यों ने जल, सड़क और बिजली सहित अन्य विकास कार्यों पर विचार रखे। कुछ सदस्यों ने सरकारी अधिकारियों पर विकास कार्यों में अनदेखी और भेदभाव करने के आरोप लगाए। इस दौरान जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के बीच कई बार तीखी बहस भी हुई। विधायक विद्याधर सिंह चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने पंचायत समिति सभागार के नए भवन के लिए विधायक कोष से 25 लाख रुपये देने की घोषणा की। विकास अधिकारी भागीरथ मल मीणा ने जानकारी दी कि पिछली बैठक में 21 ग्राम पंचायतों की क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत के लिए विधायक कोष से एक-एक लाख रुपये दिए गए थे, जिनमें से अधिकांश कार्य पूरे हो चुके हैं। बैठक में त्योद सरपंच हर-देव चौधरी ने क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, डामरीकरण और सड़क किनारे उगे बबूलों को हटाने की मांग उठाई। पंचायत समिति सदस्य धन्नालाल नोदल ने शार्दुलपुरा में हैंडपंप और पेयजल आपूर्ति की आवश्यकता जताई, जबकि सिनोदिया ग्राम पंचायत के सरपंच गिरधारी कुलहरी ने सड़क डामरीकरण की जरूरत बताई। हबसपुरा सरपंच पुरुषोत्तम मीणा ने नालियासर से हबसपुरा तक क्षतिग्रस्त सड़क का मुद्दा उठाया। नवरंगपुरा सरपंच श्रवण जांदू ने जलदाय विभाग पर जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने के बाद सड़कों की मरम्मत नहीं करने का आरोप लगाते हुए विभाग की लापरवाही को लेकर नाराजगी जाहिर की। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी व अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

चिंतन

वक्फ संशोधन न धार्मिक हस्तक्षेप, न असंवैधानिक

वक्फ संशोधन विधेयक धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप नहीं है और न ही असंवैधानिक है। इस विधेयक के कानून बनने के बाद वक्फ संशोधन अधिनियम अस्तित्व में आएगा, जिसके बाद वक्फ बोर्ड के लिए संपत्ति प्रबंधन करना आसान हो जाएगा। वक्फ संशोधन विधेयक 2024 लोकसभा में पेश किया गया है, जिसके बाद से देश में सियासी पारा गर्म है। सरकार ने इसे सुधारात्मक कदम बताया है तो विपक्ष इस बिल को मुस्लिमों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप बताकर इसका तीखा विरोध कर रहा है। सरकार के मुताबिक इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ संपत्तियों के कामकाज में सुधार, जटिलताओं को दूर करना, पारदर्शिता सुनिश्चित करना और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रबंधन शुरू करना है। विपक्षी दलों ने इसे असंवैधानिक और मुस्लिम समुदाय के हितों के खिलाफ बताया है। दीगर बात तो यह है कि पहली बार नहीं है, जब वक्फ कानून में संशोधन हो रहा है। देश में पहला वक्फ अधिनियम 1954 में बनाया गया था। इसी के तहत वक्फ बोर्ड का गठन किया गया था। 1955 में पहला संशोधन किया गया। 1995 में नया वक्फ कानून बनाया गया था। इसके तहत राज्यों को वक्फ बोर्ड गठन की शक्ति दी गई। वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन किया और धारा-40 जोड़ी गई। मौजूदा वक्फ अधिनियम की धारा-40 वक्फ बोर्ड और ट्रिब्यूनल को किसी संपत्ति को अपनी जमीन घोषित करने की ताकत देता है। इसके तहत बोर्ड को रिजन टू बिलीव की ताकत मिली है। वक्फ बोर्ड को यह तय करने का अधिकार है कि कोई संपत्ति वक्फ की है या नहीं। अभी तक वर्ष 1955 में, वर्ष 1995 में और वर्ष 2013 में वक्फ अधिनियम में संशोधन हो चुका है या कानून बदला गया है। यह संसद से हुआ है, इसलिए मौजूदा संशोधन असंवैधानिक नहीं है। संसद को इसमें बदलाव करने का अधिकार है। देशभर में वक्फ बोर्ड के पास आठ लाख एकड़ से अधिक जमीन है। 2009 में वक्फ बोर्ड के पास कुल 4 लाख एकड़ जमीन थी। 16 वर्ष में जमीन दोगुणी हो गई, कैसे?। देश में कुल 32 वक्फ बोर्ड हैं। हर राज्य में एक वक्फ बोर्ड है। यूपी और बिहार में दो शिया वक्फ बोर्ड भी हैं। वक्फ बोर्ड एक कानूनी इकाई है। वक्फ न्यायाधिकरणों की अभी तक कोई न्यायिक निगरानी नहीं है। इसके चलते कई दुरूपयोग की खबरें आईं। पंजाब वक्फ बोर्ड ने पटियाला में शिक्षा विभाग की जमीन पर दावा ठोक दिया। तमिलनाडु के एक गांव थिरुचिंथुरई पर ही वक्फ ने दावा ठोक दिया, जिससे समूचे गांव के किसान परेशान हुए। वर्ष 2024 में बिहार के गोविंदपुर गांव पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा कर दिया। यह मामला अभी कोर्ट में विचाराधीन है। केरल के एर्नाकुलम में 600 ईसाई परिवार की पुश्तैनी जमीन पर वक्फ बोर्ड ने कब्जा कर लिया है। कर्नाटक के विजयपुरा में 15000 एकड़ जमीन पर राज्य वक्फ बोर्ड ने वक्फ जमीन घोषित कर दी। वक्फ अधिनियम केवल एक धर्म पर लागू होता है। किसी अन्य धर्म के लिए ऐसा कोई कानून नहीं है। किसी धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र के संविधान में ऐसा कानून संविधान की भावना का उल्लंघन है। दिल्ली उच्च न्यायालय में दाखिल एक जनहित याचिका में वक्फ बोर्ड की संवैधानिक वैधता पर सवाल उठाए गए थे। नए वक्फ विधेयक के बाद धारा-40 खत्म हो जाएगी और वक्फ की मनमानी पर रोक लगेगी। कोई भी कानूनी बोर्ड धार्मिक आधार पर फैसले नहीं कर सकता है। वक्फ एक्ट में संशोधन संवैधानिक है।

अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

भारत के नए वैश्विक व्यापार समीकरण

भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की जीवीसी में 3 .3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है। इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, स्टील, लेदर व फुटवियर आदि शामिल हैं।

यकीनन 2 अप्रैल से लागू डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ की मार से बचने और वैश्विक व्यापार में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए भारत नए वैश्विक व्यापार समीकरणों के साथ आगे बढ़ रहा है। हाल ही में 26 से 29 मार्च तक नई दिल्ली में भारत और अमेरिका के वरिष्ठ व्यापार प्रतिनिधियों ने दोनों देशों के बीच 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचाने के प्रस्तावित व्यापार समझौते की रूपरेखा और संदर्भ की शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए सार्थक वार्ता की है। जहां एक ओर सरकार तेजी से मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) और द्विपक्षीय व्यापार समझौतों की रणनीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं हाल ही में नीति आयोग ने भारत की वैश्विक मूल्य श्रृंखला (जीवीसी) में 3.3 फीसदी की वर्तमान हिस्सेदारी को तेजी से बढ़ाने के लिए 13 प्रमुख सेक्टरों में सरकार से नीतिगत मदद की जरूरत रेखांकित की है।

इनमें मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स, केमिकल, ऑटोमोटिव सुरक्षा व ड्रोन, टेक्सटाइल, सोलर पीवी, कैपिटल गुड्स, स्टील, फूड प्रोसेसिंग, लेदर व फुटवियर, फार्मास्युटिकल्स, टेलीकाम उपकरण और एयरक्राफ्ट मैन्युफैक्चरिंग शामिल हैं। गौरतलब है कि भारत की नई वैश्विक व्यापार रणनीति के तहत तीन महत्वपूर्ण बातें उभरकर दिखाई दे रही हैं। एक, लम्बे समय तक व्यापार वार्ता चलाने के बजाय व्यापार वार्ता शीघ्रतापूर्वक पूरी की जाए। दो, व्यापार वार्ता के तहत मुख्य कारोबारी मुद्दों जैसे शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर शुरुआत में ही प्राथमिकता के साथ विचार मंथन किया जाए। तीन, व्यापार वार्ता में भारत के लिए सिरमौर बने हुए सेवा निर्यात (सर्विस एक्सपोर्ट) को विशेष रूप से शामिल कराने पर ध्यान दिया जाए। पिछले दिनों 16 मार्च से 20 मार्च तक न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन की आधिकारिक भारत यात्रा के दौरान लक्सन और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार संबंधों को मजबूत करने, विशेष रूप से व्यापार, कृषि, शिक्षा, सेवा क्षेत्र, ऊर्जा और रक्षा क्षेत्र से जुड़े कई अहम समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं। खास बात यह कि पिछले 10 वर्षों से प्रस्तावित और धीरे-धीरे आगे बढ़ रही भारत-न्यूजीलैंड व्यापार समझौता वार्ता को अब शीघ्रतापूर्वक महज 60 दिन में पूर्ण करना भी सुनिश्चित किया गया है। उल्लेखनीय है कि विगत 28 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और यूरोपीय आयोग (ईयू) की प्रेसिडेंट उर्सला वोन लेयेन ने दोनों पक्षों के बीच कारोबार एवं आर्थिक सहयोग बढ़ाने के लिए मुक्त व्यापार समझौता को लेकर जारी किंतु-परंतु को समाप्त कर दिया है। दोनों नेताओं ने इस बारे में प्रतिबद्धता जताते हुए अपने संबंधित मंत्रालयों को निर्देश दिया कि दोनों पक्षों के हितों के मुताबिक भारत-ईयू व्यापार समझौते पर इस वर्ष 2025 के अंत तक मुहर लगाई जाए। इसी तरह 13 फरवरी को प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच हुई वार्ता के दौरान द्विपक्षीय कारोबार को वर्ष 2030 तक 500 अरब डॉलर करने का लक्ष्य रखा है। फरवरी में भारत के दौरे पर आए ब्रिटेन के व्यवसाय व कारोबार मंत्री जोनाथन रेनाल्ड्स ने कहा कि भारत के साथ व्यापारिक समझौते का उद्देश्य पांच से छह वर्षों में द्विपक्षीय कारोबार को तीन गुना करना है। ऐसे में भारत ने

ईयू की तरह अमेरिका और ब्रिटेन के साथ भी मुक्त व्यापार व निवेश समझौते को इसी साल 2025 में पूर्ण करने के मद्देनजर रणनीति तय की है। यह उल्लेखनीय है कि इस समय जब दुनिया में द्विपक्षीय व्यापार समझौते नए सिरे से दोबारा अहम हो गए हैं, तब प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल के तहत जून 2024 से आगे बढ़ी व्यापार वार्ताओं को तेजी से पूर्ण करने और व्यापार समझौतों के क्रियान्वयन के लिए तत्परता से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। इस परिप्रेक्ष्य में यदि हम पलटकर देखें तो पाते हैं कि गत वर्ष 13 से 15 जून को इटली में विकसित देशों के संगठन जी-7 के शिखर सम्मेलन में विशेष आमंत्रित देश के रूप में भारत शामिल हुआ और इस मौके पर सम्मेलन में शामिल प्रमुख देशों के राष्ट्र प्रमुखों के साथ भारत की द्विपक्षीय व्यापार वार्ताएं भी हुई। विगत 9 जुलाई को 22वें भारत-रूस वार्षिक शिखर सम्मेलन में मास्को में भारत और रूस के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा के बाद भारत और रूस ने द्विपक्षीय कारोबार को 2030 तक 100 अरब डॉलर तक बढ़ाने का लक्ष्य रखा है। 22 सितंबर को न्यूयार्क में भारत और अमेरिका के बीच हुई बातचीत में कई व्यापार समझौतों के साथ कोलकाता में एक सेमीकंडक्टर प्लांट स्थापित करने का करार हुआ है। भारत और चीन के बीच पांच साल बाद अहम द्विपक्षीय वार्ता हुई। इस वार्ता के बाद भारत और चीन के बीच संबंधों का नया अध्याय दिखाई दे रहा है। इसी तरह विगत 16 दिसंबर को श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमारा दिसानायके अपने सबसे पहले राजकीय विदेशी दौरे पर भारत आए और उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के साथ नई दिल्ली में लाभदायक द्विपक्षीय वार्ता की। अब दोनों देशों के रिश्तों को और मजबूती देने तथा पिछले वर्ष दिसंबर में की गई व्यापार वार्ताओं को अंतिम रूप देने के लिए पीएम मोदी आगामी माह अप्रैल में श्रीलंका जाएंगे। इन सबके साथ-साथ जहां नॉर्वे, हंगरी, ग्वाटेमाला, पेरू, चिली के साथ भी शीघ्र ही व्यापार समझौते की बातचीत शुरू हो सकती है, वहीं अब भारत द्वारा ओमान, कनाडा, दक्षिण अफ्रीका, इजरायल, भारत गल्फ कंट्रीज काउंसिल के साथ भी एफटीए को शीघ्रतापूर्वक अंतिम रूप देने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ा जा रहा है। इसमें कोई दो मत नहीं कि अमेरिका के टैरिफ लगाए जाने की योजना का भारत पर कोई ज्यादा असर नहीं होगा। विभिन्न नई शोध अध्ययन रिपोर्टों में यह बताया गया है कि ट्रंप की टैरिफ योजना से भारत के कुल निर्यात में महज 3 से 3.5 फीसदी गिरावट आ सकती है। निर्यात की इस कमी को मैन्युफैक्चरिंग और सर्विस सेक्टर दोनों से अधिक निर्यात के माध्यम से पूरा किया जा सकेगा। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि इस समय भारत दुनिया में सबसे अधिक 6.5 से 7 फीसदी विकास दर और सर्विस एक्सपोर्ट की वैश्विक राजधानी का तमगा हासिल करते हुए मजबूत घरेलू बाजार और रिकार्ड खाद्यान्न उत्पाद की ताकत के मद्देनजर दुनिया के कई विकसित और विकासशील देश भारत के साथ द्वपिक्षीय और मुक्त व्यापार समझौतों के लिए तत्परता दिखा रहे हैं। उम्मीद करें कि अमेरिका के द्वारा भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ लगाए जाने की नई चुनौती के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौतों और नए मुक्त व्यापार समझौतों की वार्ता के दौरान शुरुआत से ही शुल्क, गैर शुल्क बाधाओं पर प्राथमिकता के साथ बातचीत करने और द्विपक्षीय व्यापार वार्ताओं को शीघ्रता से अंतिम रूप देने की नई रणनीति के अच्छे परिणाम बहुत जल्द सामने आते जाएंगे और वैश्विक वैल्यू चेन में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़ते हुए दिखाई देगी। ऐसे में भारत टैरिफ चुनौतियों के बीच विभिन्न देशों में कारोबार की नई संभावनाओं को मुट्ठियों में लेते हुए वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने की डगर पर तेजी से आगे बढ़ते हुए भी दिखाई देगा।

(लेखक ख्यात अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

डिजिटल युग

डॉ. ज्योत्सना शर्मा

साइबर क्राइम की रोकथाम है ज़रूरी

आज के डिजिटल युग में, हम बहुत तेज़ी से आगे बढ़ रहे हैं और डिजिटल दुनिया के साथ सामंजस्य बिठा रहे हैं। औद्योगीकरण के युग में मानव समाज ने बड़ी सहजता से प्रौद्योगिकी को अंगीकृत किया है। हमारे पास अलग-अलग तकनीकें हैं, साधन हैं जो हमारे घरेलू और कामकाजी जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गई हैं, जैसे ऑडियो और वीडियो प्रौद्योगिकी, जीपीएस और लोकेशन सर्विस, अलग-अलग नेटवर्क, 4जी और 5जी क्लाउड सर्विस, स्मार्ट होम, साइबर सुरक्षा और आजकल जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा है, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस अर्थात कृत्रिम मेधा। इन सभी तकनीकों ने मानव जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ ही हम कुछ गंभीर मुद्दों का सामना भी कर रहे हैं जैसे कि तेज़ी से बढ़ते हुए साइबर अपराध।

अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ (आईटीयू) के अनुसार, दुनियाभर में अनुमानित 4.1 बिलियन इंटरनेट उपयोगकर्ताओं के लिए, इंटरनेट सुरक्षा संबंधी खतरे तेजी से बढ़ रहे हैं। साइबर अपराध को किसी भी गैरकानूनी कार्य के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जहां कंप्यूटर या संचार उपकरण या कंप्यूटर नेटवर्क का उपयोग अपराध करने या उसे सुविधाजनक बनाने के लिए किया जाता है। साइबर बेईमानी, साइबर स्टॉकिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन जॉब फ्रॉड, ऑनलाइन सेक्सटॉर्शन, फ़िशिंग, फिरौती, बाल शोषण, डेबिट/क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी, क्रिप्टो जैकिंग कुछ प्रचलित साइबर अपराध के प्रकार हैं। इन अपराधों का समाज और व्यक्ति पर विभिन्न तरीकों से गहरा प्रभाव पड़ता है। इनमें से किसी भी प्रकार का साइबर अपराध किसी व्यक्ति, कंपनी और संगठन को वित्तीय नुकसान पहुंचा सकता है। पिछले कुछ समय से सोशल मीडिया पर सूचनाओं में हेरफेर करके आम लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का काम भी हो रहा है जिससे उन्माद भड़क जाते हैं और आम जीवन अस्त व्यस्त हो जाता है। साइबर अटैक तनाव और मानसिक दबाव पैदा करते हैं, जो किसी को भी भावनात्मक और मनोवैज्ञानिक रूप से नुकसान पहुंचाते हैं। 'क्राइम इन इंडिया' एनसीआरबी (स्त्रोत) के द्वारा प्रकाशित राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार वर्ष 2020-2022 के दौरान साइबर अपराधों के तहत 65893 मामले(सीआऱ) दर्ज किए गए।साइबर अपराधों के लिए धोखाधड़ी के तहत वर्ष 2020-2022 के दौरान राज्य/केंद्र शासित प्रदेश-वार 17470 मामले (सीआर) दर्ज किए गए। I4C ने सक्रिय रूप से डिजिटल अरेस्ट के लिए उपयोग किए जाने वाले 3,962 से अधिक स्काइप आईडी और 83,668 व्हाट्सएप खातों की पहचान करके उन्हें ब्लॉक किया। भारत सरकार द्वारा 28.02.2025 तक पुलिस अधिकारियों द्वारा रिपोर्ट किए गए 7.81 लाख से अधिक सिम कार्ड और 2,08,469 आईएमईआई को ब्लॉक कर दिया गया है।

गृह मंत्रालय, भारत सरकार ने इस मुद्दे को उच्च प्राथमिकता पर लिया और देश में साइबर अपराधों से निपटने के लिए भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र की स्थापना करके एक पहल की। विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय में सुधार करके साइबर अपराधों से निपटने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। मुख्य उद्देश्य देश में साइबर अपराध को रोकने के लिए एक नोडल केंद्र के रूप में कार्य करना है, ताकि महिलाओं और बच्चों के खिलाफ होने वाले साइबर अपराध से लड़ा जा सके और साइबर अपराध के रुझान और पैटर्न की पहचान करना, ऑनलाइन पोर्टल पर शिकायतों को आसानी से दर्ज किया जा सके और साइबर अपराधों को रोकने के बारे में जागरूकता पैदा की जा सके। साइबर फोरेंसिक जांच, साइबर हाईजीन, साइबर अपराध विज्ञान आदि के क्षेत्र में पुलिस अधिकारियों, सरकारी अभियोजकों और न्यायिक अधिकारियों की क्षमता निर्माण में राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों की सहायता करना। हम प्रौद्योगिकी को नकार नहीं सकते; हमें इसके साथ चलना होगा। कई तकनीकी संसाधनों के साथ, अब डिजिटल डिवाइड नहीं है और प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ हम विभिन्न क्षेत्रों में नवाचार और रचनात्मकता के कई उदाहरण देख रहे हैं, चाहे वह शिक्षा हो, चिकित्सा हो, ई-कॉमर्स हो आदि। ई-उद्यमिता आर्थिक विकास को गति दे रही है क्योंकि कोई भी व्यक्ति वैश्विक स्तर पर उत्पाद का विपणन और ब्रांडिंग करने के लिए डिजिटल कौशल का उपयोग कर सकता है। लेकिन अगर हम खुद को डिजिटल रूप से जागरूक रखते हैं, तो हम किसी भी तरह के साइबर अपराध से बच सकते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ पत्रकार व विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

शारीरिक-मानसिक शुद्धिकरण का उपाय है उपवास

संकलित

दर्शन

हिंदू धर्म का पवित्र चैत्र नवरात्र प्रारंभ हो चुकी है। नवरात्रि आत्मशुद्धि और साधना का अवसर है। इस दौरान उपवास, ध्यान और पूजा से मनुष्य अपने अंदर की नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित कर आत्मा की शुद्धि और आध्यात्मिक चेतना के उच्चतर स्तर की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी दुर्गा की साधना और आध्यात्मिक उन्नति के लिए उपवास करेंगे। उपवास से शरीर और मन की शुद्धि होती है, जिससे ध्यान और साधना में एकाग्रता बढ़ती है। हाल ही में उपवास की चर्चा केवल नवरात्रि तक सीमित नहीं रही। उपवास एक अलग संदर्भ में भी चर्चा का विषय बना, जब प्रसिद्ध अमरीकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का साक्षात्कार लेने से पहले 45 घंटे तक उपवास किया। घोर भौतिकवादी समाज से आने वाले फ्रीडमैन ने इसे सिर्फ एक शारीरिक क्रिया नहीं, बल्कि एक आध्यात्मिक अनुभव बताया। उन्होंने कहा कि यह उपवास उनके लिए पीएम मोदी के साथ संवाद का सम्मान करने और उच्चतर 'आध्यात्मिक स्तर' तक पहुंचने का एक उपाय था। यह घटना दर्शाती है कि उपवास केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं है। उपवास आध्यात्मिक उन्नति और आत्म-अनुशासन का भी एक सार्वभौमिक साधन है, जिसे दुनिया भर में स्वीकार किया जा रहा है। पश्चिमी वैज्ञानिक और दार्शनिक भी अब उपवास के लाभों को समझ रहे हैं। हमारी प्राचीन संस्कृति में उपवास, जिसे लंघन के नाम से भी जाना जाता है, को बहुत महत्व दिया जाता है।

आपके भीतर की मन:स्थिति है खुशी का रहस्य

संकलित

प्रेरणा

दुनिया की सभी शिक्षाएं महान खुशी पाने की बात करती हैं क्योंकि वे जानते हैं कि यही वह चीज है, जिसे हर कोई आखिरकार खोज रहा है। खुशी इस बात पर निर्भर नहीं करती कि हमारे पास क्या है या क्या नहीं है, यह बस एक मन:स्थिति है। यह ऐसी चीज नहीं है जिसे आप खरीद सकते हैं, यह पहले से ही आपके भीतर है, यहीं और अभी। हम जो कुछ भी बाहर चाहते हैं वह पहले से ही हमारे भीतर है। जीवन में हमेशा कुछ ऐसी चीजें होती हैं जो हमें परेशान करती हैं। इसे माया कहते हैं। उदाहरण के लिए अगर कोई आपसे प्यार करता है, तो यह परेशानी हो सकती है और अगर वह आपसे प्यार नहीं करता, तो यह भी परेशानी है। दोस्त और दुश्मन दोनों ही परेशानी का कारण हो सकते हैं। इसलिए यह संकल्प लेना जरूरी है, चाहे कुछ भी हो जाए, मैं अपनी खुशी नहीं खोऊंगा। भले ही आपको व्यापार, रिश्तों या जीवन के किसी भी दूसरे पहलू में नुकसान का सामना करना पड़े, लेकिन आपको अपनी खुशी नहीं खोनी चाहिए। यह आपके विकास का एक पैमाना है। जब आप खुशी के स्रोत पर जाते हैं, तो आपकी इंद्रियां मजबूत हो जाती हैं, आपका मन संतुष्ट हो जाता है और चीजें आपके पक्ष में होने लगती हैं। परफेक्ट होने के बारे में तनाव न लें। अगर आप परफेक्शन पर बहुत ज्यादा ध्यान केंद्रित करते हैं, तो आप गुस्सा महसूस करेंगे। दुनिया अपूर्ण लग सकती है, लेकिन अंदर से सब कुछ परफेक्ट है। परफेक्शन छिपा हुआ है, जबकि अपूर्णता दिखाई देती है।

सटाका

आज की पाती

प्राइवेट सेक्टर के लिए भी हो उचित पेंशन का प्रावधान

सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिए यूपीएस अर्थात यूनिफाइड पेंशन स्कीम शुरू की है। इससे सरकारी कर्मचारियों को क्या लाभ होगा और इससे क्या नुकसान होंगे इस पर सभी के अपने अपने विचार हो सकते हैं लेकिन समय के साथ साथ हर जगह हर चीज में परिवर्तन जरूरी है। इस नई पेंशन योजना से सरकारी कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के बाद उनकी बारह महीनों की लगभग बेसिक वेतन के लगभग पचास प्रतिशत निश्चित पेंशन देने का प्रावधान किया गया है, लेकिन इसके लिए कर्मचारियों को लगभग पच्चीस साल तक नौकरी करनी होगी। सरकारों से यह अनुरोध है कि वो प्राइवेट सेक्टर में काम, रोजगार करने वाले लोगों के बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए भी कोई अच्छी सी पेंशन योजना अमल में लाए।

- रमेश चौधरी, दुर्ग

ट्रेंड

सहकारी शिक्षा

अब सहकारी शिक्षा भारतीय शिक्षा व पाठ्यक्रम का अभिन्न अंग बनेगी और त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय के माध्यम से देशभर के प्रशिक्षित युवा सहकारी क्षेत्र को अधिक व्यापक, सुव्यवस्थित और आधुनिक युग के अनुकूल बनाएँगे।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

भाषा विवाद गलत

जो लोग संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थों के नाते यह भाषा विवाद खड़ा कर रहे हैं, उनका राजनीतिक उल्लू सीधा तो हो सकता है, लेकिन, वो रोजगार पर प्रहार कर रहे हैं। इसीलिए वो राज्य पिछड़ते जा रहे हैं।

-योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र

विपक्षी दल एकजुट

सभी विपक्षी दल एकजुट हैं और वक्फ संशोधन विधेयक पर मोदी सरकार के असंवैधानिक और विभाजनकारी एजेंडे को हराने के लिए संसद में मिलकर काम करेंगे।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

नंदघर का सपना

जब नंदघर का सपना देखा था, सिर्फ एक ही सोच थी कि हर बच्चे को अच्छी शिक्षा और पोषण मिले, हर महिला के हाथ में रोज़गार हो। आज, 15 राज्यों में 8000 से अधिक नंदघरों के साथ, 3 लाख से ज़्यादा बच्चों का भविष्य संवर रहा है और 2.5 लाख महिलाएँ अपने पैरों पर खड़ी हैं।

-अनिल अग्रवाल, उद्यमी

करंट अफेयर

खालिदा जिया अप्रैल मध्य में बांग्लादेश लौट सकती हैं

बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री एवं बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अध्यक्ष खालिदा जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है और उनके अप्रैल के मध्य में लंदन से बांग्लादेश लौटने की संभावना है। यह जानकारी मीडिया की एक खबर में पार्टी के एक नेता के हवाले से दी गई। बीएनपी महासचिव मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने कहा कि जिया (79) अप्रैल के मध्य में स्वदेश लौटेंगी, लेकिन यह अभी भी निश्चित नहीं है। बीएनपी नेता ने यह भी कहा कि लंदन में जिया की स्वास्थ्य स्थिति में सुधार है, जहां वह अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं। आलमगीर के हवाले से कहा गया, 'आज (रविवार) वहां ईद मनाई जा रही है। वह आठ साल बाद अपने परिवार के साथ ईद मना रही हैं।' यह जिया का लंदन में तीसरी ईद है, इससे पहले वह 2017 और 2015 में ईद के मौके पर लंदन में ही रही थीं। इस बीच, लंदन से यूनाइटेड न्यूज ऑफ बांग्लादेश से बात करते हुए जिया के निजी चिकित्सक एजेडएम जाहिद हुसैन ने कहा कि बीएनपी नेता जिया के स्वास्थ्य की स्थिति स्थिर है। उन्होंने कहा कि 25 जनवरी को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद से जिया घर पर ही उपचार करा रही हैं।

ऑफ बीट

बुजुर्गों के लिए मददगार हो सकते हैं वर्चुअल इंसान

सामाजिक रूप से अलग-थलग पड़ जाने के कारण अकेलेपन से जूझ रहे कई बुजुर्गों के लिए वर्चुअल इंसान का साथ मददगार साबित हो सकता है। अभी तक केवल 'साइंस फिक्शन' (वैज्ञानिक काल्पनिक कहानियों) में नजर आने वाले ये वर्चुअल इंसान चल सकते हैं, बात कर सकते हैं और आपके सोफे पर बैठ सकते हैं। वह दिन दूर नहीं, जब हमारे सबसे अच्छे मित्रों में कम्प्यूटर जनित इंसान भी शामिल होंगे, क्योंकि बड़ी संख्या में ऐसे लोग हैं, जो बढ़ती उम्र के साथ अकेलेपन की समस्या से निपटने की कोशिश कर रहे हैं। विकसित होती प्रौद्योगिकी के बीच हमारी बदलती जनसांख्यिकी हमें इन वर्चुअल मनुष्यों की ओर ले जा सकती है। एशिया, यूरोप और उत्तर अमेरिका में कई ऐसे विकसित देश हैं, जिनके समाज की औसत आयु तेजी से बढ़ रही है। इसके कारण कुशल कार्यबल में कमी आने और स्वास्थ्य एवं सामाजिक सेवाओं पर अप्रत्याशित दबाव पड़ने की समस्या पैदा हो सकती है, जिनके समाधान की आश्यकता है। बुजुर्ग होती आबादी की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक समस्या सामाजिक स्तर पर अलग-थलग हो जाना है।

श्री राम उच्च मा. विद्यालय का वार्षिक उत्सव आज

हमारा समाचार

राजलदेसर। कस्बे की श्री राम उच्च माध्यमिक विद्यालय का 33 वां वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आज आयोजित किया जाएगा। विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवनेश्वर शर्मा ने बताया की कार्यक्रम की अध्यक्षता दंडी स्वामी जोगेन्द्राश्रम महाराज, मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद सिंह राठौड़, संतोष महर्षि, कमल शर्मा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी उमेश जाखड़, अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कोडाराम भादू, नृसिंह गोड़, निजी शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष रतन सिंह शेखावत, पूर्व अध्यक्ष भवानी सिंह गोलसर आदि के सानिध्य में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर विद्यालय परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही है।

पूर्व मंत्री रिणवां करेंगे शिरकत

चैत्र नवरात्रिः जीण जन्म स्थली घांघू में माँ जीण के दर्शन करने भक्तों की लगी कतार

हमारा समाचार

घांघू। जीण जन्म स्थली गांव घांघू में बने जीण माता के मंदिर में चैत्र नवरात्रि पर्व पर विशेष पूजा अर्चना चल रही है। जीण माता के मंदिर में

नवरात्रि के प्रथम दिन से ही अल सुबह ही माँ जीण के दर्शन करने भक्तों की कतार लग जाती है। जीण जन्म स्थली में राजस्थान, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात सहित भारत के विभिन्न राज्यों व महानगरों में रहने वाले जीण भक्त नवरात्रि पर्व पर माँ जीण के दर्शन कर जात झडूले लगाने पहुँच रहें हैं। जीण मंदिर की सिमी कंवर ने बताया की जीण माता के मंदिर में नवरात्रि के प्रथम दिन से ही नवरात्रि की विशेष पूजा अर्चना चल रही है। पूजा अर्चना पंडित श्याम शर्मा व पुजारी नन्दलाल शर्मा के द्वारा की जा रही है। उन्होंने बताया की नवरात्रि की इस विशेष पूजा में जीण भक्तों का हुजूम उमड़ रहा है। इस मौके पर सत्यनारायण जांगिड़, मनीष कुमार दर्जी, नवीन शर्मा, राजू शर्मा, योगेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

एडवोकेट सुरेश कुमार कल्ला बने कांग्रेस के प्रदेश सचिव

हमारा समाचार

चूरू। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निदेर्शानुसार राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश

अध्यक्ष एडवोकेट कुलदीप सिंह पूनिया ने चूरू के एडवोकेट सुरेश कुमार कल्ला को राजस्थान प्रदेश कमेटी विधि प्रकोष्ठ का प्रदेश सचिव नियुक्त किया। एडवोकेट सुरेश कुमार कल्ला की नियुक्ति पर चूरू जिला कांग्रेस कमेटी (विधि प्रकोष्ठ) के जिला अध्यक्ष एडवोकेट सद्दाम हुसैन, एडवोकेट राजेंद्र राजपुरोहित, एडवोकेट अनिश खान, एडवोकेट सुरेश कुमार आर्य, एडवोकेट सुनील मेघवाल झारिया, एडवोकेट मंगल सिंह, एडवोकेट कन्हैयालाल गुर्जर, एडवोकेट बिलाल खान, एडवोकेट चंद्रभान, एडवोकेट बजरंग लाल, एडवोकेट गौरीशंकर, समीर खान सहित अधिवक्ताओं ने कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा एवं कांग्रेस विधि प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष कुलदीप सिंह पूनिया का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।

कन्याओं को भोजन करवा कर दक्षिणा भेंट की

हमारा समाचार

खिरोड़। चिराना कस्बे की पहाड़ी पर स्थित ब्रह्माणी माता मंदिर मे

नवरात्र महोत्सव के दौरान कन्या पूजन कार्यक्रम हुआ। जिसमें 111 कन्याओं को भोजन करवा कर दझिणा भेंट की। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्रह्माणी माता की पूजा अर्चना कर-के किया गया। कार्यक्रम के संयोजक त्रिलोक सिंह शेखावत ने अतिथियों एवं बालिकाओं का स्वागत किया। इस मौके पर ताराचंद बिकुनिया बेरी, नथमल अग्रवाल, प्रिंसीपल सुरभि गुप्ता, विशाल गुप्ता, बैंक मैनेजर विजय सिंह, रामसिंह, मदनलाल, पं. बृह्मानंद, मुरारीलाल, ताराचंद शर्मा, बलबीर सहित काफी संख्या मे मौजूद रहे।

तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का किया शुभारंभ

हमारा समाचार

झुंझुनूं। सेठ श्री धर्मदास तुलस्यान चैरिटेबल ट्रस्ट झुंझुनू द्वारा संचालित राणी सती रोड स्थित तुलस्यान बंसल सेवा सदन में द्वितीय फ्लोर पर आठ कमरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ गुरुवार को विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर किया गया। ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी राजकुमार तुलस्यान, कोषाध्यक्ष उत्तम अशोक तुलस्यान, ट्रस्टी अशोक भरत तुलस्यान, आशीष श्रीमोहन तुलस्यान एवं डॉ. डीएन तुलस्यान ने पूजा अर्चना करवाई। जानकारी देते हुए ट्रस्ट के ट्रस्टी कृष्ण मुरारी तुलस्यान ने बताया कि उक्त निर्माण कार्य का कॉन्ट्रैक्ट नितेश मोरवाल सुपुत्र राधेश्याम मोरवाल ठेकेदार को दिया गया है। विदित है कि तुलस्यान बंसल सेवा सदन शहर के मध्य में रानी सती जी मंदिर के समीप स्थित है। जहां ओपन ग्राउंड स्टेज के साथ एसी बैंक्विट हॉल, सात एसी कमरे, किचन के साथ, लिफ्ट की सुविधा, पार्किंग की सुविधा एवं एक बड़ा रसोई घर बना हुआ है। यह भवन शादी विवाह, मैरिज एनिवर्सरी एवं बर्थडे पार्टी, धार्मिक आयोजन कथा भागवत, शिक्षा सेमिनार आदि सामाजिक कार्यक्रमों के लिए उपयुक्त स्थान है। उपरोक्त भवन का लोकार्पण दिसंबर 2023 में किया गया था। जब से लेकर आज तक उचित शुल्क पर सभी वर्ग के लोगों के उपयोग में आ रहा है।

प्रथम पुण्यतिथि पर रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर आज

कोलसिया। परसरामपुरा स्थित अग्रवाल गेस्ट हाउस में शुक्रवार को रक्तदान एवं चिकित्सा शिविर लगाया जाएगा। शिविर आयोजनकर्ता अजय शर्मा ने बताया कि उनकी बड़ी माताजी शांति देवी की प्रथम पुण्यतिथि के उपलक्ष में उनकी याद में यह शिविर लगाया जाएगा। शिविर में हरी अस्पताल की टीम अपनी सेवाएं देगी। शिविर में रक्तदान के साथ साथ आंखों की जांच, डाइबीटिज, फेफड़ों की जांच, खून की जांच इत्यादि का शिविर भी लगाया जाएगा। शिविर का समय सुबह 10 से दोपहर दो बजे का रखा गया है।

परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनकी मरम्मत कराकर जल का संग्रहण करें : सहारण

विधायक सहारण ने दूधवाखारा में जलग्रहण यात्रा को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हमारा समाचार

चूरू। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 जलग्रहण घटक के तहत प्रदेश में चल रही जलग्रहण यात्रा बुधवार को गांव दुधवाखारा पहुंची। यात्रा के पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक हरलाल सहारण थे। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रधान दीपचंद राहड़, अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार, अधिशासी अभियंता मजहर हुसैन, अधिशासी अभियंता जगदीश, दूधवाखारा सरपंच सिणगारी देवी, सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां, लालासर सरपंच गोपाल कस्वां, एईएन नागरमल वर्मा, जेईएन सचिन अग्रवाल व तारानगर जेईएन संजय नायक थे। कार्यक्रम का शुभारंभ आगंतुक अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर अतिथियों का माल्यार्पण कर व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित जनों को जल संग्रहण की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विधायक सहारण ने कहा कि हम अगर

बारिश के पानी को इकट्ठा नहीं करेंगे तो आने वाले समय में पानी की भयंकर किल्लत हो जायेगी। उन्होंने कहा कि परंपरागत जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित कर उनकी मरम्मत मरम्मत करवाकर जल का संग्रहण करें। हमारा प्रयास रहे कि छत का पानी घर में तथा खेत का पानी खेत में ही काम आए। प्रधान दीपचंद राहड़ ने कहा कि पानी को रिसाईकिल करने पर फोकस करें। खेतों में टांकों के माध्यम से कृषि को सुदृढ़ करते हुए फसल की उपज बढ़ाएं। अधीक्षण अभियंता महेंद्र कुमार ने कहा कि जलग्रहण गतिविधियों में सभी के प्रयासों से हम जल स्तर को बढ़ा पाएंगे। सरपंच प्रतिनिधि प्रो. डीके सिंह कस्वां व लालासर सरपंच गोपाल कस्वां ने कहा कि जल संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है। हम संकल्पित होकर जल संरक्षण के लिए प्रयास करें। इस दौरान विद्यार्थियों ने जल संरक्षण जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम में जलग्रहण गतिविधियों के अंतर्गत चित्रकला, वाद विवाद व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। अतिथियों ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रतीक चिन्ह व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान विधायक सहारण ने दुधवाखारा में झाड़वानी जोहड़े का उद्घाटन किया और पौधारोपण भी किया। वहीं खेल मैदान में सार्वजनिक कुंड का भूमि पूजन कर शिलान्यास किया गया। कार्यक्रम में पंडित च्यानणमल शर्मा ने मंत्रोच्चारण कर भूमि पूजन करवाया। विधायक सहारण ने जल संचय को लेकर जागरूकता रथ यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर देवेंद्र खिचड़, दयाराम कस्वां, राजेंद्र मेहड़ा, महावीर फौजी, देवकरण दायमा, राजवीर सिंह चारण, शंकर लाल शर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र ढ़ेबाण ने किया।

12 अप्रैल को होगा घुघाड़ी धाम पर भंडारा

हमारा समाचार

नीमकाथाना। हनुमान जन्मोत्सव के कार्यक्रम को लेकर पूर्व तैयारी हेतु श्री श्री 108 अवध बिहारी दास जी महाराज के सानिध्य में भक्तों द्वारा सभा का आयोजन किया गया। जिसमें सभी भक्तों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौपी गई।सभी भक्तों ने हर्ष और उल्लास के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रत्येक ग्रामीण इलाकों में जा जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भक्तों की टीम तैयार होगी और आने वाले सभी भक्तगण आस्थ और सेवा के रूप में मंदिर परिसर में हर संभव अपनी जिम्मेदारी समझकर कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करेंगे।कार्यक्रम विशाल और भव्य होगा।

उप प्राचार्य पद पर छोटूराम यादव ने किया कार्य ग्रहण

हमारा समाचार

नीमकाथाना। गुहाला के अग्रवाल राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गुहाला में उप प्राचार्य छोटू राम यादव को प्रधानाचार्य मदनलाल ने कार्यग्रहण करवाया तथा उपप्राचार्य डॉ. कृष्ण कुमार जांगिड़ ने उनका माला पहनाकर स्वागत किया। आनंद हरडिया ने बताया कि यह गुहाला का सौभाग्य है कि कला जगत के यादव ने कार्यक्रम किया है

।क्योंकि इन्होंने नीमकाथाना में गजानंद मोदी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेवाएं दी है नीमकाथाना ब्लॉक में सिर्फ एक ही विद्यालय में चित्रकला विषय चल रहा है और वहां से गुहाला पद ग्रहण करने पर गुहाला निवासियों में खुशी की लहर छाई है क्योंकि कला जगत के यादव बच्चो को कला के प्रति तरासने का काम करेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के व्याख्याता आनंद वर्मा रसायन विज्ञान , सांवरमल, प्रदीप यादव, रामदेव अग्रवाल, महेश मीणा, विकास शर्मा, श्रीराम यादव, अरुण बिंवाल, विमला सैनी,हंसराज वर्मा,सुभाष पालीवाल, नेमीचंद जांगिड़,केसर देव कुमावत, नवीन सिहाग, प्रियंका, कपिल कुमावत, आशु सिंह, अनिल, राजकुमार मीणा सहित सभी विद्यार्थियों ने यादव का स्वागत किया।

एनडीपीएस मामले में दो व्यक्तियों को 14-14 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई

अपर जिला और सेशन न्यायधीश ने सुनाई सजा

हमारा समाचार

तारानगर। तारानगर के अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा ने अभियुक्तगण हरियाणा के बलजीत सिंह व जगसीरसिंह को 10 साल पहले दर्ज एनडीपीएस मामले में 14-14 साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सरकार की ओर पैरवी कर रहे अपर लोक अभियोजक एडवोकेट पंकज स्वामी ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को साहवा सड़क के पास से गिरफ्तार किया था, जिनके पास से 2 क्विंटल मादक पदार्थ (डोडा पोस्त चुरा) बरामद हुआ विवेचना के बाद पुलिस ने आरोप पत्र दाखिल किया। प्रथम दृष्टया मामला

पाते हुए, अदालत ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 8/15 स्थापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 व धारा 468 , 471 भा.दं.सं. के तहत दंडनीय अपराधों के लिए आरोप तय किये। स्वामी ने आगे बताया कि न्यायालय के समक्ष तर्क दिये कि अभियोजन पक्ष ने मामले को संदेह से परे साबित किया है। उन्होंने दोषीयो को एक अनुकरणीय सजा की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि नशा देश के युवाओं को नष्ट कर रहा है जिस पर अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संतोष कुमार मीणा द्वारा आरोपियों को प्रत्येक को धारा 8/15 स्वापक औषधि एवं मनःप्रभावी पदार्थ अधिनयिम में 14 साल के कठोर कारावास व 1,50,000/रुपए अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में अतिरिक्त दो वर्ष के साधारण कारावास धारा 468 भा.दं.सं. के लिए 5 साल का कठोर कारावास व 20,000/-रुपये अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास व धारा 471 भा.दं.सं. में 1 साल के कठोर कारावास 20,000/-रुपए अर्थदण्ड व अदम अदायगी अर्थदण्ड में तीन माह के साधारण कारावास की सजा सुना कर जेल भेजा।

मुसलमानों की संपत्तियों को, खुर्द-बुर्द करने के लिए पास किया वक्फ बिल : चौहान

हमारा समाचार

चूरू। चूरू जिला मुख्यालय पर मदीना मस्जिद के पास विचार गोष्ठी में चूरू जिला मुस्लिम वक्फ बोर्ड सरपरस्त जमील चौहान ने कहा केंद्र की भाजपा सरकार अपने संख्याबल और एन डी ए गठबंधन ने वक्फ संशोधन विधेयक सिर्फ वक्फ को लूटने और मुस्लिम समाज पर प्रहार के लिए यह बिल पास करवाया है। हर धर्म की अपनी अपनी कमेटी होती हैं संस्था होती है लेकिन सरकार सिर्फ वक्फ पर हमला कर रही है क्योंकी अल्पसंख्यक के प्रति उनकी विचारधारा उन्हें ऐसा कर अपने परंपरागत वोट बैंक को साधना चाहती

है। यह सवाल पैतृक धरोहरों का है! सरकार का कहना है कि गरीब एवं बेसहारा मुसलमानों को इस संशोधित बिल से फायदा होगा! जबकि असंख्य मुसलमानों का यह मानना हैं कि जो पैतृक सम्पत्ति और धरोहर विरासत में हमे मिली थी वो आज ऐसे क्यों कब्जाई जा रहीं हैं? भारत बहुधार्मिक देश हैं यहा सब की विरासत और पैतृक संपत्तियां हैं उनपर जबरन ये सरकार क्यों कब्जा करना चाहती हैं। विरासत में मिली हमारी संपत्तियों के संरक्षण और सुरक्षा के लिए यह लड़ाई आगे भी मजबूती से लड़ेंगे। अल्लाह की इस मिलकियतों पर सिर्फ मुस्लिम गरीबों और यतीमों का अधिकार है। वक्फ संशोधन बिल का हम पूरी तरह से विरोध करते हैं। विपक्ष के उन तमाम सांसदों का हम शुक्रिया अदा करते जिन्होंने देर रात तक असंवैधानिक और संविधान में दिए अधिकारों पर प्रहार करने वाले लोगों का पुरजोर विरोध किया।

जिला कलक्टर ने हरजी में जनसुनवाई कर आमजन की समस्याओं का किया निस्तारण

जिलेभर में हुआ पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन

हमारा समाचार

जालोर। राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आमजन की समस्याओं, परिवेदनाओं के निवारण, सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए त्रिस्तरीय जनसुनवाई व्यवस्था के तहत गुरूवार को जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर पंचायत स्तरीय जनसुनवाई का आयोजन किया गया जिनमें आमजन की परिवेदनाएँ प्राप्त कर प्रकरणों का निस्तारण किया गया। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने हरजी ग्राम पंचायत मुख्यालय पर आयोजित पंचायत स्तरीय जनसुनवाई

के दौरान आमजन की समस्याओं को सुनकर उनके निस्तारण के लिए संबंधित ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्हांने अधिकारियों को केन्द्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुँचाने के साथ ही जनता की समस्याओं पर प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए परिवादों के मौके पर ही निस्तारण के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान पेयजल, विद्युत, स्वास्थ्य, सड़क, पंचायतीराज सहित विभिन्न विभागों से संबंधित परिवाद प्रस्तुत हुए जिनकी सुनवाई करते हुए जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने विभिन्न परिवादों का मौके पर ही निस्तारण किया तथा शेष प्रकरण राजस्थान संपर्क पोर्टल पर दर्ज कर निस्तारण करने के निर्देश दिए।

झुंझुनूं एकेडमी मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी का स्पेशल मॉर्निंग असेम्बली में शानदार सम्मान समारोह

शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के कारण जयपुर में किया गया था सम्मानित

हमारा समाचार

झुंझुनूं। झुंझुनूं एकेडमी मैनेंजिंग डायरेक्टर एवं समाजसेवी नीरजा मोदी को शेखावाटी फाउंडेशन दिल्ली की ओर से झुंझुनूं की शख्शियत राज्य स्तरीय सम्मान से नवाजा गया है। नीरजा मोदी को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा व पर्यावरण के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान के कारण दिया गया है। गुरूवार को झुंझुनूं एकेडमी विज्डम सिटी एवं स्कूल प्लस विद्यार्थियों व अध्यापकों, हॉस्टल वॉर्डन्स एवं समस्त कर्मचारियों द्वारा स्पेशल मॉर्निंग असेम्बली में अंग वस्त्र

व पुष्प गुच्छ भेंट कर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच स्वागत किया गया। कोई भी सम्मान सभी के सार्थक प्रयासों से ही मिलता है और मैं यह मेरा सम्मान आप सभी बच्चों को समर्पित करती हूं। स्कूल डायरेक्टर आकाश मोदी ने बताया कि मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा मोदी को यह अवॉर्ड पर्यावरण संरक्षण के लिए साथ ही नियमित रूप से नंदीशाला में पेड़ लगाने के कार्य के साथ-साथ गौवंश के लिए पौष्टिक आहार, देखभाल, चिकित्सा सुविधा की भी समुचित व्यवस्था करवाने के लिए साथ ही ग्रीष्म ऋतु में हर पेड़ पर सिकारा तथा बर्ड फीडर लगाने, पर्यावरण को और अधिक हरा-भरा व उन्नत बनाने के लिए जीवेम उद्यान नर्सरी की स्थापना करने, विभिन्न प्रकार के फल-फूल, छायादार एवं औषधीय पौधे विकसित करने एवं उनको प्रतिवर्ष निशुल्क वितरिण करने के लिए जयपुर में आयोजित भव्य कार्यक्रम के दौरान राजस्थान सरकार के मंत्री झाबरसिंह खर्रा, राज्य सभा सदस्य घनश्याम तिवाड़ी, पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़, प्रताप सिंह खाचरियावास, कालीचरण सर्राफ, भाजपा नेता मुकेश दाधीच, देवेंद्रसिंह झाझड़िया, कृष्णा पूनियां, राजपाल शर्मा, जयपुर सिविल लाइन्स विधायक गोपाल शर्मा की उपस्थिति में उन्हें प्रशस्ति पत्र व प्रतिक चिह्न भेंट किए गए।

सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैंप का समापन हुआ

हमारा समाचार

झुंझुनूं। न्यू कॉलानी स्थित डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में महिलाओं पर बढते अत्याचारों को रोकने के लिए पुलिस महानिदेशक राजस्थान द्वारा

चलाए जा रहे आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान के संबंध में पुलिस उप महानिरीक्षक शरद चौधरी व एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत द्वारा जिले में आत्मरक्षा प्रशिक्षण अभियान शुरू किया गया है। एएसपी फूलसिंह मीणा के सुपरविजन में डिफेंस पब्लिक सीसै स्कूल में सात दिवसीय सेल्फ डिफेंस ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया। बालिकाओं को महिला कांस्टेबल सिलोचना व शर्मिला ने सात दिन का प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण में बालिकाओं को समाज के असामाजिक तत्वों से बचने के उपाय बताए। जिसमें 40 बालिकाओं को प्रशिक्षण दिया। जिसका समापन गुरूवार को हुआ। समापन में संस्था चेयरमैन डॉ जीएल कालेर एवं प्रधानाचार्य रामसिंह रोहिला व समस्त स्टाफ उपस्थित था।

परीक्षा में अनुपस्थित रहने पर कर्मचारी चयन बोर्ड अभ्यर्थी से वसूलेगा पेनल्टी, लेकिन परीक्षा तिथियों में टकराव भी अनुपस्थिति का बड़ा कारण!

हमारा समाचार

झुंझुनूं। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर लगाम कस दी है। एक साल में चयन बोर्ड की दो परीक्षाओं में लगातार अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को अब ना केवल आवेदन करने के लिए ब्लॉक किया जाएगा। बल्कि पेनल्टी भी वसूली जाएंगी। उसके बाद ही अभ्यर्थी आगामी भर्ती परीक्षाओं के लिए आवेदन कर पाएगा। लेकिन दूसरी ओर अनुपस्थित का बड़ा कारण रहने वाली समस्या एक ही तिथि को आयोजित होने वाली दो परीक्षाओं के संबंध में कोई विशेष निर्देश जारी नहीं किए गए हैं। कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ. बीसी बधाल ने आदेश जारी किए हैं जिसमें लिखा गया है कि राज्य में विभिन्न परीक्षाओं के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली लागू हैं। जिसके तहत अभ्यर्थी को एक बार रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करवाने के बाद भविष्य की विभिन्न परीक्षाओं के आवेदनों के लिए बार-बार शुल्क नहीं देना पड़ता है। लेकिन इससे कुछ अभ्यर्थी बिना गंभीरता और तैयारी के ऑनलाइन आवेदन कर देते हैं। बोर्ड को आवेदन पत्रों की संख्या के आधार पर ही पारी, प्रश्न पत्र, ओएमआर शीट, वीक्षक ड्यूटी समेत अन्य व्यवस्थाएं करनी होती है। लेकिन अभ्यर्थियों के बड़ी संख्या में अनुपस्थित रहने से स्कूलों में पढ़ाई बाधित होने समेत अन्य अनावश्यक परेशानी होती हैं। साथ ही राज्य सरकार का व्यय भी अनावश्यक रूप से बढ़ रहा है। इसके लिए यह नियम लागू किए गए हैं।

अक्सर दो परीक्षाएं आज जाती है एक ही तिथि को

कर्मचारी चयन बोर्ड ने परीक्षाओं में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों पर सरकार का अनावश्यक व्यय बढ़ने, पेनल्टी शुल्क वसूलने और उनके आवेदन सुविधा को ब्लॉक करने जैसी सख्ताई तो दिखा दी है, लेकिन अभ्यर्थियों के वास्तविक कारणों को जानने का प्रयास नहीं किया है। कई बार अनुपस्थित रहने के अन्य कारण भी हो सकते हैं जिनमें सबसे बड़ा कारण दो परीक्षाओं में टकराव भी है। गत वर्षों की बात करें तो काफी प्रतियोगी परीक्षाएं एक ही तिथि को आयोजित होने से अभ्यर्थी को एक परीक्षा से मजबूरन वंचित रहना पड़ा है। इसके अलावा कॉलेज परीक्षाएं भी आने से अभ्यर्थी को परीक्षा से वंचित रहना पड़ता है। इससे ना केवल अभ्यर्थी पर परीक्षा शुल्क का भार बढ़ा है बल्कि उसकी मेहनत भी धरी की धरी रह जाती है। अभ्यर्थी इस संबंध में काफी बार मांग भी उठाते है लेकिन फिर यह कहते हुए उनकी मांग को नजरंदाज कर दिया जाता है कि हमने पहले ही परीक्षा तिथि जारी कर दी थी दुसरे विभाग ने हमारे बाद तिथि जारी की है, तो वह उस तिथि में बदलाव करें। और फिर इस पुरे मामले का खामियाजा किसी और को नहीं बल्कि अभ्यर्थी को ही भुगतना पड़ता है।

अवैध खनन रोकथाम की समीक्षा बैठक, अवैध खनन पर राज्य सरकार सख्त

आकस्मिक संयुक्त अभियान से होगी अब अवैध खनन पर रोकथाम, कार्मिक राज्यहित को दें सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

हमारा समाचार

धौलपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार अवैध खनन की रोकथाम के लिए प्रतिबद्ध है। अब राज्य सरकार इस पर सख्त एवं प्रभावी कार्यवाही के लिए आकस्मिक संयुक्त अभियान चलाएगी जिससे खनन माफियाओं पर पूरी तरह लगाम लग सके। उन्होंने कहा कि कार्मिकों का यह दायित्व है कि अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण समर्पण भाव से करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर अवैध खनन गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए की गई कार्यवाही की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राजस्थान में खनिज संसाधनों की अपार संभावनाएं हैं तथा लाखों लोगों को खनन से प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रोजगार मिल रहा है। राज्य के राजस्व में भी खनन क्षेत्र महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। ऐसे में राज्य सरकार की प्राथमिकता

है कि खनिज सम्पदा का समुचित दोहन हो तथा इस क्षेत्र के राजस्व में बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने अधिकारियों को लक्ष्य निर्धारित कर काम करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि विभाग अवैध खनन पर सख्ती से कार्रवाई करे जिससे आमजन को राहत पहुंचे। इसके लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि अवैध खनन को रोकने के लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें। उन्होंने सभी जिला कलक्टर से खनन माफियाओं पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जब सख्ती से कानून की पालना सुनिश्चित होगी, तभी अवैध खनन करने वालों में भय पैदा होगा। उन्होंने खनन विभाग को निर्देश दिए कि वे जिला स्तरीय एसआईटी की बैठक की नियमित मॉनिटरिंग करें तथा प्रतिदिन बैठक की रिपोर्ट लें।

ड्रोन सर्वे से करें पूरी निगरानी

श्री शर्मा ने कहा कि अवैध खनन पर निगरानी रखने के लिए ड्रोन तथा अन्य आधुनिक तकनीक की मदद ली जाए। ड्रोन से पूरे क्षेत्र की फोटोग्राफी तथा वीडियोग्राफी हो जिससे अवैध खनन पर प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। साथ ही अवैध खनन पर की जा रही कार्रवाई में अधिक से अधिक तकनीक का प्रयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि अवैध खनन के औचक निरीक्षण के लिए मुख्यालय स्तर पर संयुक्त टास्क फोर्स बनाई जाए। उन्होंने कहा कि इस संबंध में लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण करें जिससे अवैध खनन के रोकथाम की प्रक्रिया में गति लाई जा सके।

एम-सेंड को दिया जाए प्रोत्साहन

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम-सेंड नीति के तहत बजरी के विकल्प के रूप में एम-सेंड को प्रोत्साहन दिया जाए। प्रदेश में एम-सेंड इकाइयों की स्थापना और बजरी के सस्ते विकल्प के रूप में एम-सेंड के उपयोग को बढ़ावा दिया जाए जिससे बजरी के दोहन में कमी आए। मुख्यमंत्री ने कहा कि खान विभाग के रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की जाएगी। उन्होंने टोंक, नागौर, भीलवाड़ा, सवाई माधोपुर, डीग, कोटपूतली, राजसमंद, चित्तौड़गढ़ कलक्टर से जिलों में चल रही अवैध खनन की कार्यवाही के बारे में जानकारी ली तथा उचित दिशा-निर्देश प्रदान किए। मुख्य सचिव श्री सुधांश पंत ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि वैध खनन को बढ़ावा दिया जाए, अवैध खनन पर अंकुश लगे जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हो तथा रोजगार के अवसर भी उपलब्ध हो सकें। बैठक में प्रमुख शासन सचिव खान एवं पेट्रोलियम श्री टी. रविकांत ने अवैध खनन के संभावित खनिज एवं संवेदनशील जिले, अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के प्रावधान, गत पांच वर्षों में अवैध खनन, निर्गमन, भंडारण के विरूद्ध की गई कार्यवाही, संस्थागत तंत्र, अवैध खनन को रोकने के लिए विभिन्न विभागों तथा जिलों की भूमिका सहित विभिन्न विषयों पर विस्तृत जानकारी दी।

मुख्यालय स्तर पर भी संयुक्त टीम बनाकर करें औचक निरीक्षण

जनसुनवाई में परिवादी को राहत दिलाने डीएम गए एक्स्ट्रा माइल

विधवा महिला के परिवाद के संबंध में कलक्टर ने किया कोटपुतली-बहरोड़ के डीएम से संपर्क

हमारा समाचार

धौलपुर। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गुरुवार को उपखंड धौलपुर की ग्राम पंचायत विरोंधा में जनसुनवाई की, जहां उन्होंने ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान जब एक विधवा महिला अपने मृत पति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कराने की गुहार लेकर पहुंची, तो जिला कलक्टर ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए मौके पर ही कोटपुतली-बहरोड़ के जिला कलक्टर से दूरभाष पर संपर्क कर प्रमाण पत्र जारी कराये जाने हेतु संपर्क किया। विधवा महिला ने जनसुनवाई के दौरान बताया कि उसके पति प्रेमसिंह की मृत्यु बहरोड़ में हुई थी, लेकिन मृत्यु

प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही बाधाओं के कारण वह सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं ले पा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने तुरंत कोटपुतली-बहरोड़ के जिला कलक्टर से संपर्क कर आवश्यक दस्तावेज ऑनलाइन भेजे। इतना ही नहीं, उन्होंने इस संबंध में पत्र भी लिखवाये जाने हेतु निर्देशित किया ताकि विधवा महिला को जल्द से जल्द राहत मिल सके और वह सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं का लाभ उठा सके।

ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण

ग्रामीणों की विभिन्न समस्याओं पर संज्ञान लिया। उन्होंने सभी हैंडपंपों को दुरुस्त कराने के निर्देश दिए और परिवादी नवल सिंह के कृषि कनेक्शन के मामले में जेवीवीएनएल को दो दिवस के भीतर कनेक्शन जारी करने के आदेश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिन किसानों ने डिमांड नोटिस भर दिया है और प्राथमिकता सूची में हैं, उन्हें शीघ्र कृषि कनेक्शन दिलाया जाए। परिवादी प्रियदर्शी के खातेदारी भूमि में नाम शुद्धिकरण के मामले में तहसीलदार को तुरंत समाधान के निर्देश दिए गए।

नवदुर्गा महोत्सव के तहत मातारानी के मेले में हुआ राजस्थानी कार्यक्रम का आयोजन

कालबेलिया नृत्य और घूमर पर थिरके दर्शक, कोटा के कलाकारों ने बिखेरा शमा

हमारा समाचार

बाड़ी। चैत्रीय नवरात्र में बाड़ी शहर में नगर पालिका द्वारा माता रानी के नवदुर्गा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इस महोत्सव के दौरान मेला रंगमंच पर बुधवार की रात पंचमी को राजस्थानी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें कोटा से आए कलाकारों ने ऐसा शमां बिखेरा की दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। घूमर नृत्य, कालबेलिया नृत्य, मयूर नृत्य और मलखंब जैसे नृत्य पर श्रोता ताली बजाए बिना नहीं रह सके। पूरा आयोजन देर रात तक जारी रहा। बाड़ी नगर पालिका द्वारा आयोजित किया जा रहे इस नवदुर्गा महोत्सव को लेकर मंच संचालक बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया कि कार्यक्रम से पूर्व मेला अध्यक्ष अमर सिंह पोसवाल द्वारा वरिष्ठ पार्षद राजकुमार भारद्वाज, ओमवीर सिंह, समाजसेवी नन्हे सिंह गौर, वरिष्ठ अधिवक्ता एवं गीतकार राधेश्याम

चंसौरिया का मेला मंच पर सम्मान किया गया। इस दौरान पालिका अध्यक्ष होतम सिंह, बाइस चेयरमैन अहमद जमा खां, नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी श्याम बिहारी गोयल ने शहर वासियों से आग्रह किया कि वे मेला रंगमंच पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में शामिल हो और माता रानी के मेले का आनंद उठाएं। बाबूलाल कुलश्रेष्ठ ने बताया की राजस्थानी कार्यक्रम के दौरान कलाकार एवं सिंगर समीर ने भक्ति और माता रानी के भजनों की ऐसी प्रस्तुति दिए कि श्रोता झूमते नजर आए। इस दौरान पुलिस प्रशासन को भी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। गुरुवार को माता रानी की छठवीं पर मेला रंगमंच पर कव्वालियों का आयोजन होगा। जिसमें कानपुर से आये महिला कव्वाल और पुरुष कव्वालों के बीच जबरदस्त मुकाबला होगा।

राजाखेड़ा के लाठ वाली माता के लक्खी मेले का शुभारंभ

विधायक ने मंदिर में किया हवन यज्ञ लोगों की खुशहाली की कामना की

धौलपुर। राजाखेड़ा में विनतीपुरा ग्राम पंचायत स्थित लाठ वाली माता के प्रसिद्ध लक्खी मेले का आयोजन शुरू हो गया है। बुधवार को राजाखेड़ा विधायक रोहित बोहरा ने फीता काटकर मेले का विधिवत उद्घाटन किया। विधायक बोहरा ने मंदिर में पूजा-अर्चना की और हवन यज्ञ में भाग लिया। उन्होंने क्षेत्रवासियों की खुशहाली के लिए प्रार्थना की। विधायक ने कहा कि माता लाठ वाली सभी का कल्याण करें और उनका आशीर्वाद सदैव बना रहे। लाठ वाली माता का ये मंदिर पूरे धौलपुर जिले में विशेष मान्यता रखता है। हर साल चैत्र नवरात्रि के दौरान यहां लक्खी मेला लगता है। इस मेले में स्थानीय लोगों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। स्थानीय मान्यताओं के अनुसार, जो भी भक्त सच्चे मन से माता की पूजा करता है, मां लाठवाली उसकी सभी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। श्रद्धालु यहां पूजा-अर्चना कर अपनी मनौतियां मांगते हैं।

घर में घुसकर 20 हजार और जेवरात चोरी, महिला पर किया चाकू से वार

हमारा समाचार

धौलपुर। धौलपुर के निहालगंज थाना क्षेत्र में एक महिला के साथ लूट की वारदात सामने आई है। घटना बुधवार देर रात करीब 1 बजे की है। खोसला विहार कॉलोनी निवासी पुष्पा देवी अपने घर में सो रही थीं। इसी

दौरान दो अज्ञात बदमाश उनके घर में घुस आए। बदमाशों ने घर में रखा पुष्पा देवी का मोबाइल फोन, दो सोने की अंगूठी, एक जोड़ी चांदी की पायल और 20 हजार रुपए नकद चुरा लिए। जब बदमाश सामान के बक्से को उठा रहे थे, तब आवाज सुनकर पुष्पा देवी जाग गईं। पीड़िता ने जब बदमाशों को रोकने की कोशिश की तो उन्होंने चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में पुष्पा देवी के सिर के आगे की तरफ चोट आई। पीड़िता के चिल्लाने पर उनके पिता और बच्चे जाग गए। इसके बाद दोनों बदमाश छत से कूदकर फरार हो गए। पीड़िता ने निहालगंज थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई और चोरी हुए सामान की बरामदगी की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

छठ मईया के मंदिर पर उमड़ी भक्तों की भीड़: धौलपुर के राजाखेड़ा में भरा मेला, यूपी से भी पहुंचे सैकड़ों श्रद्धालु

हमारा समाचार

धौलपुर। राजाखेड़ा उपखंड के नयागांव में छठ मईया के मंदिर पर गुरुवार को मेला आयोजित हुआ। मेले में धौलपुर जिले और सीमावर्ती उत्तर प्रदेश से सैकड़ों श्रद्धालु पहुंचे। सुबह से ही मंदिर परिसर में भक्तों की भीड़ जुटनी शुरू हो गई। श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर माता को ध्वजा चढ़ाई। मेले में महिलाओं ने सजावटी और सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर खूब खरीदारी की। बच्चों ने भी मेले का आनंद लिया। राजाखेड़ा निवासी विष्णु जयपाल के अनुसार, नयागांव के जंगलों में स्थित छठ मैया के मंदिर पर हर साल चैत्र शुक्ल पक्ष की छठी को लक्खी मेला लगता है। इस दौरान स्थानीय लोगों के साथ दूर-दराज के क्षेत्रों से भी भक्त माता के दर्शन को आते हैं।

भाजपा नेता का कार्यालय जेसीबी मशीन से किया ध्वस्त, नगर परिषद ने आधी रात को की कार्रवाई

कलेक्टर व पुलिस टीम रही मौजूद

हमारा समाचार

धौलपुर। नगर परिषद की कार्रवाई फिर से विवादों में है। आधी रात नगर परिषद की टीम ने घंटाघर क्षेत्र की बिजली सप्लाई बंद करने के बाद भाजपा नेता के कार्यालय पर बुलडोजर चला दिया। भाजपा नेता के कार्यालय के ठीक बगल में मौजूद दूसरी बिल्डिंग को भी जेसीबी की सहायता से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। बिल्डिंग तोड़ने की कार्रवाई रात करीब 10 बजे से शुरू हुई। जेसीबी ने रात साढ़े 12 बजे तक भाजपा नेता के कार्यालय और उसके बगल में मौजूद बिल्डिंग को तोड़ने की कार्रवाई की। शहर के गुरुद्वारा रोड

पर हुई कार्रवाई के बाद जिले में हड़कंप मचा हुआ है। पूर्व में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष रहे पीड़ित भाजपा नेता अकील अहमद ने बताया कि उन्होंने कार्यालय बनाने के लिए नगर परिषद से मंजूरी ली थी। देर रात को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी उनके कार्यालय पर पहुंचे, जहां उन्होंने पुलिस और नगर परिषद टीम के साथ मिलकर बिना नोटिस दिए जेसीबी मशीन चला दी। भाजपा नेता ने बताया कि प्रशासन ने उन्हें कार्यालय से सामान निकालने तक का मौका नहीं दिया। देर रात को ही कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा नेता के समर्थक मौके पर जुट गए। जिन्हें पुलिस की मदद से मौके से हटाकर कार्रवाई को अंजाम दिया गया।

तोप तिराहे पर भी हुआ था विवाद

होली के मौके पर नगर परिषद द्वारा तोप तिराहे पर भी कई पक्की दुकानों को ध्वस्त किया गया था। राज परिवार से जुड़ी जमीन पर अतिक्रमण हटाने के लिए नगर परिषद ने मशीन चला दी थी। जिस कार्रवाई के दौरान महिलाएं पेट्रोल की बोतल लेकर आगे आई थी। महिलाओं के विरोध के बावजूद नगर परिषद की टीम ने दुकानों को ध्वस्त कर दिया था।

जिला परिषद सीईओ ने की विकास योजनाओं की समीक्षा

स्वामित्व, आवास और मनरेगा समेत कई योजनाओं की प्रगति पर चर्चा

हमारा समाचार

बाड़ी। पंचायत समिति परिसर में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आव्हाद निव्रती सोमनाथ की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीण विकास और पंचायत राज विभाग की योजनाओं की समीक्षा की गई। सीईओ सोमनाथ ने बताया कि बैठक में स्वामित्व योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, महात्मा गांधी मनरेगा योजना, मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान और स्वच्छ भारत मिशन की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही फार्मर रजिस्ट्रेशन सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर सभी ग्राम पंचायतों के विकास अधिकारियों से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में ग्राम विकास अधिकारियों के अलावा योजनाओं से जुड़े प्रभावी अधिकारी, शाखा लिपिक, सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता, कनिष्ठ तकनीकी सहायक और स्वच्छ भारत मिशन के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मौजूद रहे। आने वाले दिनों में प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। बैठक में ब्लॉक शिक्षा विभाग के अधिकारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारी और पंचायत समिति के विकास अधिकारी भी शामिल हुए।

सुंधा माता पहाड़ी पर स्थित रोप-वे में यात्रियों के फंसने की सूचना पर प्रशासन ने की सफल मॉक ड्रिल

रोप-वे अटकने की जानकारी पर एनडीआरएफ, एसडीआरफ व मेडिकल टीमें पहुंची मौके पर

हमारा समाचार

जालोर। जसवंतपुरा के सुंधा पर्वत स्थित सुंधा माता मंदिर रोप-वे अटकने से 4 यात्रियों के फंसने की सूचना पर जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद्र यादव, अतिरिक्त जिला कलक्टर दौलतराम चौधरी, एनडीआरएफ के सहायक कमांडेंट विक्रम चौधरी, जसवंतपुरा उपखण्ड अधिकारी रामलाल मीणा, उप पुलिस अधीक्षक भवानीसिंह इंदा, बीसीएमओ डॉ. प्रशान्त सेन, जसवंतपुरा थानाधिकारी गुमानसिंह व ट्रस्ट के व्यवस्थापक जितेन्द्र सिंह व रोप-वे प्रबंधक प्रहलाद राय अग्रवाल सहित

प्रशासनिक अधिकारियों, एनडीआरएफ व एसडीआरएफ टीम व मेडिकल टीम ने मौके पर पहुँच कर रोप-वे बंद करवाया तथा आपातकालीन स्थिति होने पर किये जाने वाले बचाव कार्यो के मॉक ड्रिल का सफल प्रदर्शन किया। मॉक अभ्यास के दौरान टीमों ने अपने साथ लाये गये बचाव संबंधित उपकरणों एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के तरीकों से रोप-वे पर आपातकाल में फंसे लोगों को बचाने का सफल प्रदर्शन किया जिसमें लोगों का रोप-वे एवेकुशन व घायल लोगों का मौके पर चिकित्सा उपचार देकर स्टेबल किया गया तथा फंसे लोगों को शीट रेप्लिंग, रस्सी व सीट हारनेस के माध्यम से निकाला गया। जरूरतमंद व्यक्ति को सीपीआर देने व अग्निशमन यंत्रों के समुचित इस्तेमाल को लेकर एनडीआरएफ टीम द्वारा डेमोस्ट्रेशन दिया गया। इस दौरान ट्रस्ट सदस्य, पुलिस, सिविल डिफेंस, होमगार्ड, मेडिकल टीम, फायर ब्रिगेड टीम उपस्थित रही।

गेहूं की फसल निकालते समय थ्रेसर में फंसा किसान का हाथ सरमथुरा रोड़ पर पलटी केलादेवी से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप, मां-बेटे सहित आधा दर्जन घायल

हमारा समाचार

बाड़ी। बसेड़ी के नवलू का पुरा में गेहूं की फसल को थ्रेसर में निकालने के दौरान घटना हुई है। जहां थ्रेसर मशीन में किसान का हाथ आने से वह पूरी तरह घायल हुआ है। घटना के बाद घायल किसान को बाड़ी अस्पताल लाया गया। जहां हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल धौलपुर रेफर कर दिया। वहीं दूसरी घटना शहर के सरमथुरा रोड पर चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुई है। जहां कैलादेवी से दर्शन कर लौट रहे ग्वालियर निवासी श्रद्धालुओ की पिकअप ड्राइवर को नींद की झपकी आने के चलते पलट गई। दुर्घटना में जहां मां बेटे बुरी

तरह घायल है। वही आधा दर्जन श्रद्धालुओं को मामूली चोटें आई है। अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार बसेड़ी के नवलूपुरा गांव निवासी 22 वर्षीय किसान जयपाल पुत्र सत्यवीर सिंह ठाकुर अपने खेत में परिजनों के साथ गेहूं की फसल को थ्रेसर से निकालने का काम कर रहा था। इस दौरान आसपास के किसान भी मौके पर मौजूद थे। अचानक से जयपाल का हाथ थ्रेसर मशीन में चला गया लेकिन गनीमत यह रही कि पास खड़े लोगों ने तुरंत थ्रेसर मशीन को बंद कर दिया। जिससे बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन जयपाल का एक हाथ बुरी तरह लहूलुहान हो गया। जिसे तुरंत बाड़ी सामान्य अस्पताल लाया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर होने पर धौलपुर जिला अस्पताल रेफर किया है। वहीं दूसरी घटना गुरुवार को दिन में सरमथुरा रोड पर चिलाचोंद टोल प्लाजा के पास हुई है।

युवाओं को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हमारा समाचार

जालौर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक भगवानाराम चौधरी के निर्देशन में औस संस्थान नशा मुक्ति केंद्र जालौर की टीम द्वारा वीरमदेव राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय जालौर में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर नशे के दुष्परिणामो रोकथाम हेतु युवाओं को शपथ दिलवाई गई। नशा मुक्ति केंद्र प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर महेश नामा ने बताया कि इस जागरूकता कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में फैल रहे नशे के दुष्प्रभाव के बारे में जागरूक होने का आह्वान किया गया है। साथ ही बताया कि जीवन में आगे बढ़ाना है तो नशे को ना जिंदगी को हां करना पड़ेगा । नशा मुक्ति केंद्र के क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई । महाविद्यालय में युवाओं को नशा मुक्ति की शपथ दिलवाकर नशा मुक्ति पोस्टर वितरित किए गए । नशा मुक्ति केंद्र टीम से दिनेश कुमार नर्सिंग कर्मचारी एवं मनोर लाल उपस्थित रहे।

श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर अंतिम बैठक आज जलंधरनाथ धर्मशाला में

जालोर। विश्व हिंदू परिषद द्वारा प्रेरित सनातन महोत्सव समिति के श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को लेकर बैठक का आयोजन आज शुक्रवार को शाम 8.30 बजे जलंधरनाथ धर्मशाला में होगा। सनातन महोत्सव समिति के संयोजक अम्बालाल व्यास ने बताया कि श्रीराम जन्मोत्सव शोभायात्रा को अंतिम रूप देने को लेकर बैठक आज शुक्रवार को शाम 8.30 बजे जलंधरनाथ धर्मशाला में आयोजित होगी। बैठक में सभी को अलग झ अलग कार्यों की जिम्मेदारी देकर दायित्व सौंपा जायेगा। शोभायात्रा में अधिकतम लोगों, समाजो एवं संगठनों की भागीदारी बढ़े जिसको लेकर समिति द्वारा सभी लोगों से सुझाव लेकर मूर्त रूप दिया जायेगा। बैठक में सभी कार्यकारिणी सदस्य, संगठन, सभी समाज के प्रतिनिधि सहित धर्मप्रेमी उपस्थित रहेंगे।

पौधारोपण की अभी से शुरू करें तैयारी, अभियान महज औपचारिकता न रहे, भावनात्मक रूप से भी जुड़ें: कलक्टर

पौधे तब ही लगाएं जब जीवित रख सकें, पौधे लगाने के बाद ध्यान रखना बेहद जरूरी: कलक्टर

हमारा समाचार

नाथद्वारा राजसमंद। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा ने गुरुवार शाम कलेक्ट्रेट सभागार में हरियालो राजस्थान अभियान के तहत जिला स्तरीय टास्क फोर्स और पर्यावरण समिति की बैठक लेकर विभागों से तैयारियों पर चर्चा की। बैठक में उप वन संरक्षक कस्तूरी प्रशांत सुले, एडीएम नरेश बुनकर, जिला परिषद सीईओ बृजमोहन बैरवा, एडिशनल एसपी रजत, एसीएफ श्रीकृष्ण चौधरी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलक्टर ने गत वर्ष में हुए पौधारोपण और उनमें से वर्तमान में जीवित पौधों की स्थिति, जियो-टैगिंग आदि की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए। कलक्टर ने कहा कि गत वर्षों से अधिक लक्ष्य लेकर इस वर्ष पौधारोपण करें। साथ ही हर विभाग किसी न किसी तरह का उदाहरण प्रस्तुत करे, जिससे वह गर्व के साथ दिखा सके।कलक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी (प्रारंभिक) राजेंद्र गग्गड़ और जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) नूतन प्रकाश जोशी को निर्देश दिए कि बाउंड्री वॉल और पानी की पर्याप्त उपलब्धता वाले विद्यालयों का चयन कर इन विद्यालयों में प्राथमिकता पर पौधारोपण करें। हर पौधे को एक बच्चे को गोद दें और उस छात्र-छात्रा का नाम पौधे पर लिखें। जब हम औपचारिकता से हटकर भावनाओं के साथ जुड़ेंगे तो बेहतर परिणाम आएंगे। साथ ही स्टाफ भी पौधों को गोद ले। बच्चों में पौधों के रखरखाव को लेकर प्रतियोगिता भी विकसित करें।

पर्यावरण संरक्षण को लेकर वन विभाग प्रतिबद्ध लेकिन सभी का सहयोग जरूरी: डीएफओ सुले

पौधे तभी लगाएं जब जीवित रख सकें: कलक्टर

कलक्टर असावा ने बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए कि लक्ष्य पूरा करने की होड़ में किसी भी तरह पौधे लगा देने का प्रयास न करें। पौधे सिर्फ तब ही लगाएं जब आप उसका रखरखाव करते हुए जीवित रख सकें और उसे बड़ा कर सकें। इस पर उप वन संरक्षक सुले ने कहा कि इस बार वन विभाग द्वारा सभी विभागों के कार्मिकों को पीपरड़ा नर्सरी में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसमें गड्ढे खोदने के सही तरीके, पौधा लगाने की तकनीक सहित हर विषय को समझाया जाएगा, साथ ही इसकी वीडियो भी जारी की जाएगी।

अभी से करनी होगी तैयारी

कलक्टर ने कहा कि पौधारोपण की तैयारी अभी से नहीं की तो बाद में सफल नहीं हो सकेंगे। अभी से योजना तैयार कर गड्ढे खुदवाने का प्रबंध करें ताकि मानसून के समय पौधारोपण किया जा सके। अभी से तैयारी करने पर पौधों की उपलब्धता की समस्या से भी बचा जा सकता है।

हर परिवार लगाए पौधा

कलक्टर ने कहा कि वर्ष 2025 में यह अभियान महज विभागीय अभियान न बन जाए और आमजन इससे जुड़ाव महसूस करें। उन्होंने कहा कि जिले में सभी परिवारों से एक-एक पौधा लगवाने का प्रयास करें। आमजन ये पौधे अपने घरों, दुकानों, खेतों या कहीं भी लगाएं और देखभाल करें। कलक्टर ने कहा कि सभी विभाग अपनी-अपनी डिमांड से वन विभाग को पहले ही अवगत करा दें। कलक्टर ने शहर के इरिगेशन पॉल के निचले हिस्से में पौधारोपण करने का सुझाव दिया। साथ ही उन्होंने माइनिंग संस्थाओं, औद्योगिक संस्थाओं, स्कूलों, कॉलेजों, व्यापारियों, समाजसेवियों, पीएचसी, सीएचसी, उप जिला चिकित्सालय, जिला चिकित्सालय, राजकीय छात्रावासों, खेल मैदानों आदि पर विशेष रूप से फोकस करते हुए पौधारोपण के निर्देश दिए। पीडब्ल्यूडी के अधीक्षण अभियंता मगनीराम रैगर से कहा कि सड़कों के साइड में तथा समस्त निमार्णाधीन भवनों में पौधे अवश्य लगवाएं। इसी तरह एसएमई अनिल खमेसरा, पशुपालन संयुक्त निदेशक शक्ति सिंह आदि से भी चर्चा की।

हरियालो राजस्थान अभियान को लेकर कलक्टर ने ली बैठक

पर्यावरण संरक्षण एक सामूहिक जिम्मेदारी

डीएफओ सुले ने कहा कि वर्तमान दौर में पर्यावरण की प्रतिकूल स्थितियों को देखते हुए पौधे लगाना बहुत आवश्यक हो गया है। अब यह काम सिर्फ वन विभाग का न होकर सभी का सामूहिक है। सभी प्रयास करेंगे तो पर्यावरण को हम बेहतर स्थिति में ला पाएंगे। सीईओ बृजमोहन बैरवा ने कहा कि मनरेगा की ओर से भी अभियान की सफल क्रियान्विति में पूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष धुलजी भाई का किया स्वागत और सम्मान

हमारा समाचार

सज्जनगढ़। उपखंड के डूंगराछोटा गांव में पंचाल समाज डूंगराछोटा द्वारा त्रिपुरा सुंदरी ट्रस्ट मंडल के एवं पंचाल समाज 14 चौखरो के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी भाई पंचाल का पंचाल समाज डूंगरा छोटा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। स्वागत एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता पंचाल समाज डूंगराछोटा के अध्यक्ष प्रवीण पंचाल ने की एवं मुख्य अतिथि के रूप में ट्रस्ट मंडल के नवनिर्वाचित अध्यक्ष धूलजी भाई पंचाल रहे एवं अति विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रस्ट मंडल के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल डूंगरा, अशोक बडोदिया, महामंत्री नटवर जी लिखी बड़ी, नारायण बडोदिया रहे। संध्याकालीन मां की आरती के पश्चात उक्त कार्यक्रम पंचाल समाज के नोहरे डूंगराछोटा में आयोजित किया गया। सर्वप्रथम इकाई अध्यक्ष प्रवीण पंचाल एवं उनकी कार्यकारिणी ने मंचासीन अतिथियों का माला और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। नवयुवक मंडल डूंगरा एवं वरिष्ठ समाजजनो ने 11 किलो की माला पहनाकर नवनिर्वाचित अध्यक्ष धुलजी भाई का स्वागत किया। स्वागत उद्बोधन इकाई अध्यक्ष प्रवीण ने दिया। अध्यक्ष धूलजी भाई ने अपने उद्बोधन में कहां कि सर्वप्रथम में पंचाल समाज डूंगराछोटा का धन्यवाद अर्पित करता हूं आपने जो मुझे मान-सम्मान दिया और मेरा स्वागत किया।

पालोदा को पंचायत समिति बनाने के लिए अब ग्रामीणों ने विधायक को दिया ज्ञापन

22 ग्राम पंचायतों को लेकर पालोदा को पंचायत समिति बनाने की है मांग, विधायक ने एसडीएम को ज्ञापन भिजवाया

हमारा समाचार

गनोड़ा। पालोदा कस्बे को पंचायत समिति बनाने की मांग पिछले दिनों से जोर पकड़ रही है। पहले गांव के ग्रामीणों के द्वारा आसपास की पंचायत के लोगों से समर्थन मांग कर तथा 14 पुरानी पंचायत तथा 8 संभावित नई पंचायतें बनने की संभावना है। इन सभी पंचायत को मिलाकर कुल 22 ग्राम पंचायत बन रही है। जिसके चलते पालोदा को पंचायत समिति बनाया जा सकता है। गांव के ग्रामीणों के द्वारा पहले गढ़ी उपखंड का अधिकारी, जिला परिषद सीईओ तथा जिला कलेक्टर को ज्ञापन दिया जा चुका है। अब पालोदा गांव के ग्रामीणों सहित भाजपा कार्यकताओं

के द्वारा गढी विधायक कैलाश मीणा के निवास स्थान पर जाकर पालोदा को पंचायत समिति बनाने की मांग की है। विधायक ने भी आश्वासन दिया है साथ ही तुरंत ही ग्रामीणों के द्वारा दिए गए ज्ञापन को एसडीएम को फॉरवर्ड कर दिया है। पालोदा बड़ा कस्बा है तथा आसपास की कई ग्राम पंचायत पालोदा को पंचायत समिति बनाने पर इसमें जुड़ सकती है जिसके चलते यहां के लोगों को राहत मिलेगी। वर्तमान में गढ़ी पंचायत समिति है तथा पालोदा से गढ़ी की दूरी लगभग 25 किलोमीटर की होती है। ऐसे में पालोदा सहित आसपास की ग्राम पंचायत के ग्रामीणों को छोटे-बड़े कामों को लेकर गढ़ी तक की दौड़ लगानी पड़ती है। यहां की जनता का कहना है कि फालूदा यदि पंचायत समिति बन जाती है तो छोटे-छोटे कामों को यहीं पर किया जा सकता है जिससे आमजन को राहत मिलेगी।

22 ग्राम पंचायत 62268 की आबादी, मांग रही पंचायत समिति

पालोदा के आसपास लसाड़ा, लोहारिया, मतवाला, खोडन, राठडिया पाड़ा, सुजा जी का गडा सहित कुल 14 ग्राम पंचायत वर्तमान में है। इसके अलावा पंचायतों के पुनर्गठन पर आठ ग्राम पंचायत नई बन सकती हैं। ऐसे में कुल 22 ग्राम पंचायत मिलाकर पालोदा को पंचायत समिति बनाया जा सकता है। इन सभी पंचायतों की कुल आबादी लगभग 62268 होती है। इतनी आबादी अब पालोदा को पंचायत समिति बनाने की मांग कर रही है।

अजीत नाथ भगवान संभावनाथ भगवान मोक्ष कल्याण का निर्वाण लाडू चढ़ाया

हमारा समाचार

कुशलगढ़। नौगामा 1008 अजीत नाथ भगवान, संभावनाथ भगवान के मोक्ष कल्याण का निवाण लाडू चढ़ाया प्रातः 1008 आदिनाथ मंदिर 1008 भगवान भगवान महावीर समवशरण सुखोदय तीर्थ नसिया जी विशेष शांति धारा अभिषेक किया गया अभिषेक के पश्चात बड़े भक्ति भाव से आदिनाथ भगवान नेमिनाथ भगवान की प्रतिमा के सामने निर्माण लाडू चढ़ाया गया निर्वाण लाडू चढ़ाने का सौभाग्य पंचोली गीतांश विपुल, जितेंद्र पंचोली पिंडारमिया जयंतीलाल व महिला मंडल को प्राप्त हुआ इस अवसर पर महिला मंडल एवं जैन पाठशाला के छात्रों द्वारा भगवान अजीतनाथ संभावनाथ की बड़े भक्ति भाव से पूजन की गई लड्डू बनाने का सौभाग्य पंचोली सुषमा हेमा पंचोली को प्राप्त हुआ कार्यक्रम का संचालन गांधी रमेश चंद्र ,भरत पंचोली आशीष पिंडारमीर्या द्वारा किया गया इस अवसर पर जैन समाज प्रवक्ता सुरेश चंद्र गांधी ने बताया कि 10 अप्रैल को महावीर जयंती बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाई जाएगी इस हेतु व्यापक की तैयारी की जा रही है।

संभवनाथ का मोक्षकल्याणक शांतिधारा कर मांगी विश्व शांति

चैत्र पर्यूषण महा पर्व का दुसरा दिन

हमारा समाचार

कुशलगढ़। बडोदिया में चैत्र शुक्ल षष्ठी को जैन धर्म के तीसरे तीर्थंकर भगवान श्री संभवनाथ का मोक्षकल्याणक मनाया गया। वीरोदय तीर्थ क्षेत्र पर गुरुवार सुबह श्रीजी का जलाभिषेक प्रथम कलश से शाह प्रद्युमन जैन पुत्र केसरीमल जैन चंदुजी का गढ़ा ने किया। द्वितीय कलश रोहण मान्य तलाटी पुत्र प्रियंक तलाटी ने, तीसरा कलश कमलेश दोसी,महेश दोसी पुत्र हिरालाल दोसी,चौथा कलश तीर्थ दोसी पुत्र संजीवन दोसी, पांचवां कलश मिहीर दोसी पुत्र भरत दोसी बडोदिया,छठा

कलश नायक भव्य पुत्र सुरेश चंद्र बाहुबली कॉलोनी, सातवां कलश पिंडारमिया राजेश जैन पुत्र छगनलाल जैन नौगामा, शाह हार्दिक जैन पुत्र प्रकाश चंद्र जैन, नायक विकास जैन पुत्र लक्ष्मीलाल जैन, आठवां कलश सुशीला, सुनीता सपरिवार अजमेर सभी ने सामूहिक शांतिधारा कर विश्व मंगल की कामना की। इसके बाद शारदा देवी धर्मपत्नी रमेश चंद्र चौखलिया परिवार द्वारा निर्मित निर्वाण लाडु को तरुण जैन, लवीश जैन पुत्र सुरेश चंद्र जैन परिवार ने लाडु चढ़ाने का सौभाग्य प्राप्त किया। श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर बडोदिया में भी मोक्षकल्याणक मनाया गया। प्रातः दीपक खोडणिया पुत्र कांतिलाल खोडणिया परिवार के मनोज खोडणिया ने श्रीजी का जलाभिषेक व शांतिधारा की।

पॉजिटिव फोटो स्टोरी पॉजिटिव सोच की

बेटे की उम्र 18 साल हुई, पहले लाइसेंस बनवाया फिर जन्मदिन पर दिलवाई बाइक

हमारा समाचार

गनोड़ा। अपने बेटे को तिलक कर नई बाइक की चाबी हाथ में सौंपी। जी हां यह नजारा है गनोड़ा कस्बे का जिसमें एक पिता ने अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बेटे के जन्मदिन पर बाइक उपहार में दी। बाइक उपहार में देने से पहले बेटे की उम्र 18 साल होने दी इसके बाद ही पिता ने अपने बेटे को बाइक लाकर दी। बाइक लाने से पहले बेटे का लाइसेंस बनवा के लिए सारे डॉक्यूमेंट दिए तथा लाइसेंस बनवाने का काम पहले पूरा किया इसके बाद ही बाइक खरीदी। गनोड़ा के रहने वाले सूर्य सिंह राव ने अपने बेटे प्रीत सिंह राव को उसके जन्मदिन पर 18 साल की उम्र पूरी

करने के बाद गनोड़ा के जय श्री टीवीएस शोरूम पर जाकर बाइक दिलवाई। बाइक जब दिलाई गई तब गांव के मोती सिंह, पुष्पेंद्र सिंह, रणवीर सिंह आदि भी मौजूद रहे तथा उन्होंने भी पिता की इस पॉजिटिव सोच की प्रशंसा की। हर मां-बाप को अपने बच्चों की उम्र 18 वर्ष होने के बाद ही बाइक की चाबी हाथ में देने तथा नई बाइक दिलाने का संकल्प लेना चाहिए जिसके चलते कानून एवं नियमों की पालना हो सके तथा हादसों से भी बचा जा सकता है। इसके अलावा ड्राइविंग लाइसेंस भी सभी को अवश्य बनवाना चाहिए।

रक्तदान कार्यक्रम जिला संयोजक नियुक्त ललित कुमार द्विवेदी ओर चंद्रिका कमलेश

हमारा समाचार

कुशलगढ़। विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा जिला अध्यक्ष ललित कुमार जोशी ने ललित कुमार द्विवेदी को रक्तदान कार्यक्रम जिला संयोजक नियुक्त किया है। वही विप्र फाउंडेशन महिला प्रकोष्ठ प्रदेश महामंत्री डा. कीर्ति आचार्य ने महिला प्रकोष्ठ कार्यवाहक जिला अध्यक्ष अर्चना दवे की सहमति से चंद्रिका कमलेश जोशी को महिला रक्तदान संयोजक नियुक्त किया है।उक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा ने देते हुए बताया की बाबा साहेब अंबेडकर जयंती 14 अप्रेल पर विप्र फाउंडेशन द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। उक्त रक्तदान शिविर बांसवाड़ा के महात्मा गाँधी अस्पताल मे रक्त की कमी को देखते हुए लगाया जा रहा है।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से की शिकायत

झुंझुनूं। जिले की चिड़ावा पंचायत समिति के किशोरपुरा गांव में आम रास्ते पर दीवार बनाकर रास्ता अवरूद्ध करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले में प्रभावित ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर को लिखित शिकायत की है। गांव के लोगों ने बताया कि किशोरपुरा के वार्ड नंबर एक में एक व्यक्ति द्वारा रास्ते पर अतिक्रमण किया जा रहा है। पहले भी रास्ता बंद करने की कवायद की गई थी। लेकिन आम रास्ते पर नींव खोदकर दीवार बनाई जा रही है। जिसकी शिकायत चिड़ावा एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ और पंचायत को की गई। पंचायत ने नोटिस भी जारी कर दिए। लेकिन यह व्यक्ति मान नहीं रहा। ना तो नोटिस का जवाब दे रहा है और ना ही काम बंद कर रहा है।

लापता बच्चों को ढूंढेगी राजस्थान पुलिस, प्रदेश में खुशी–9 अभियान का शुभारंभ

हमारा समाचार

झुंझुनूं। राजस्थान पुलिस ने लापता हुए बच्चों को ढूंढने के लिए विशेष अभियान शुरू किया गया है। ताकि बच्चे भी परिवार में वापिस आकर और परिवार भी अपने बच्चों को वापिस पाकर खुशी के पल जी सके। इसलिए राजस्थान पुलिस ने खुशी–9 अभियान शुरू किया है। जिसके तहत झुंझुनूं में भी इस अभियान की शुरूआत कर दी गई है। झुंझुनूं जिले के विभिन्न थानों में करीब 26 ऐसे बच्चों को चिह्नित किया गया है। जो काफी समय

से लापता है। एएसपी देवेंद्र सिंह राजावत ने बताया कि डीआईजी शरद चौधरी के नेतृत्व व निर्देशन में एक अप्रेल से अभियान खुशी–9 शुरू कर दिया है।

पहले तीन दिनों में हम लापता हुए चार बच्चों को दस्तयाब कर चुके है। उन्होंने बताया कि सभी बच्चों को दस्तयाब कर परिजनों से मिलाकर इन परिवारों को खुशी देने का काम किया जाएगा। इसके लिए हर थाना स्तर पर एसएचओ के नेतृत्व में टीम बनाई है। साथ ही साइबर सैल की सहायता भी इन सभी थानों में मुहैया होगी। ताकि अधिक से अधिक बच्चे दस्तयाब किया जा सके। उन्होंने बताया कि हर दिन इस अभियान की मॉनेटरिंग की जा रही है। आपको बता दें कि राजस्थान पुलिस के एडीजी ह्यूमन राइट्स के निर्देश पर पूरे प्रदेश में यह अभियान शुरू किया गया है। वहीं बाल अधिकारों और अभियान की जानकारी के लिए कालिका और निर्भया स्कवायड के अलावा थानाधिकारी स्कूल–कॉलेजों में जाकर जागरूकता के कार्यक्रम भी कर रहे है।

लिमथान महायज्ञ की तैयारियां पर चर्चा

जोशी पूर्व मावली विधायक ने किया वज्रलेप का अवलोकन

हमारा समाचार

कुशलगढ़। विप्र फाउंडेशन बांसवाड़ा के संयोजन में सर्व समाज के सहयोग से लिमथान स्थित श्री परशुराम व कृष्ण धाम पर प्रस्तावित 101कुंडीय श्रीविष्णु महायज्ञ की तैयारी पर चर्चा बुधवार को हुई। मुख्य अतिथि विप्र फाउंडेशन के राष्ट्रीय संरक्षक एवं मावली के पूर्व विधायक धर्मनारायण जोशी रहे। उन्होंने यहां श्रीकृष्ण एवं परशुराम प्रतिमा पर किये वज्र लेप का अवलोकन किया। अध्यक्षता विप्र वाहिनी के प्रदेश महामंत्री स्वामी विवेकानंद महाराज ने की। विशिष्ट अतिथि प्रदेश महामंत्री योगेश जोशी एवं परशुराम संस्थान के हेमेन्द्र जोशी एवं संयोजक महेश जोशी रहे। विप्र फाउंडेशन जिला प्रवक्ता एवं विष्णु याग के संयोजक विनोद पानेरी ने बताया कि इस अवसर पर महायज्ञ की व्यवस्थाओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जिला महामंत्री शशि कुमार शर्मा, नगर अध्यक्ष इश्वरदास वैष्णव, व्यापार प्रकोष्ठ जिला

अध्यक्ष पंकज भट्ट सालिया, नगर महामंत्री मदन मोहन भट्ट, रामशंकर जोशी ने विचार व्यक्त किये। उदयपुर से आये विजयप्रकाश विप्लवी, चरित्र जैन का भी बहुमान किया गया। स्वागत विनोद व्यास, मनोज जोशी, राजेश चौबीसा, प्रवीण जोशी, हेमन्त चौबीसा, गौरीशंकर ठाकुर एवं लक्ष्मीदेवी व्यास ने किया। विप्र फाउंडेशन के प्रकल्प श्रीपरशुराम सेवा सस्थान लिमथान के संयोजक महेश जोशी और सह संयोजक राजेंद्र चौबीसा ने बताया कि 30 अप्रेल को श्री परशुराम जयंती से 2 मई श्री शंकराचार्य जयंती तक चलने वाले 101कुंडीय यज्ञ के लिए गांव-गांव में जन सम्पर्क किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि महायज्ञ के लिए 51 कुण्डों के यजमानों की सहमति प्राप्त हुई है। इधर नांदिया, सालिया, बड़ोदिया, सुरवानिया, करजी, चोखला, बांसवाड़ा, इटाउवा, नवागांव, ठिकरिया, सागडोद, पाडिकला, बाँसला, छींच सहित विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क को लेकर स्वामी विवेकानंद महाराज के नेतृत्व में टीमें गठित की गई हैं। साथ ही आस पास के गांवों में आयोजन को लेकर जन सम्पर्क प्रारम्भ कर दिया गया है।

हमारा समाचार
आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2012/45657, डाक पंजीयन संख्या RJ/JPM/151/2025-2027

जयपुर कलेक्ट्रेट को 'बम से उड़ाने की धमकी'... 2 घंटे चला सर्च ऑपरेशन; निकली गीदड़ भभकी!

कलेक्टर की आईडी पर गुरुवार सुबह 11.30 बजे आया ईमेल

सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचे

प्रशासन ने अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की, पहले भी आ चुके हैं धमकी भरे ई-मेल

हमारा समाचार

जयपुर। गुरुवार को राजधानी के जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद प्रशासन में हडकंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस और बम निरोधक दस्ता मौके पर पहुंचा और पूरे परिसर को खाली कराया गया। बम की आशंका के चलते कलेक्ट्रेट के हर कमरे की गहन तलाशी ली गई। हालांकि, राहत की बात यह रही कि जांच के दौरान कुछ नहीं मिला जिसके बाद सभी ने चैन की सांस ली। प्रशासन ने आमजन से अफवाहों पर ध्यान न देने और सतर्क रहने की अपील की है। कलेक्ट्रेट परिसर के बाहर जमा कर्मचारियों ने बताया कि सुबह सामान्य दिनों की तरह कामकाज चल रहा था। अचानक 11.30 बजे के आसपास शोर मचने लगा। सभी को परिसर खाली करने के लिए कहा गया। जब तक कॉम्प्लेक्स के बाहर पहुंचे, बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी अंदर पहुंचने लगे थे। बाहर आकर जानकारी मिली कि कलेक्टर के पास बम की धमकी का ईमेल आया है। इसके बाद से सभी लोग डरे हुए हैं। दोपहर 2 बजे तक भी बिल्डिंग परिसर में बम स्क्वॉड की टीमें मौजूद थीं। अधिकारियों ने बताया कि जब तक एजेंसी क्लीयरेंस नहीं दे देती, अंदर जाने की परमिशन नहीं दी जाएगी। बताया जा रहा है कि धमकी देने वाले ने कलेक्टर जितेंद्र कुमार सोनी की सरकारी आईडी पर ईमेल किया था। गुरुवार सुबह 11.30 बजे मिले ईमेल की जानकारी कलेक्टर ने जयपुर पुलिस कमिश्नर को दी। इसके बाद आनन-फानन में पूरे परिसर से लोगों को बाहर निकाला गया।



बम की अफवाह से चारों तरफ अफरा-तफरी, पहले भी मिल चुकी है धमकियां

बता दे, सुबह अचानक ईमेल के जरिए जिला कलेक्ट्रेट को बम से उड़ाने की धमकी दी गई, जिससे परिसर में अफरा-तफरी मच गई। आनन-फानन में अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों और आगंतुकों को बाहर निकालने के निर्देश दिए। कुछ ही देर में पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड टीम मौके पर पहुंची और सघन तलाशी अभियान चलाया। हालांकि, करीब 2 घंटे के सर्च के दौरान किसी भी एजेंसी को कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली। गौरतलब है कि 20 फरवरी को जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज को भी बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह धमकी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल की मेल आईडी पर भेजी गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने पहले इसे गंभीरता से नहीं लिया। बाद में जब मेल खोला गया, तो पुलिस को सूचना दी गई और बम निरोधक दस्ते ने जांच की।

पूरे परिसर को खाली करवाकर हर कमरे की ली गई तलाशी

जांच के दौरान कुछ नहीं मिला तो सभी ने ली चैन की सांस

सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने के लिए भेजा धमकी भरा ईमेल

ईमेल में लिखा गया कि जयपुर कलेक्टर ऑफिस एक भयंकर आईडी पाइप बम के टारगेट पर है। यह कदम 2-जी मामले में सवुक्कु शंकर के साथ हुए अनुचित व्यवहार और सादिक बलवा की हिरासत में हुई मौत का बदला लेने के लिए उठाया गया है। हम सुरक्षा एजेंसी को भगवान के नाम पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाने का चैलेंज देते हैं। बम वीकेंड पर पहले से ही आज के लिए लगा दिया गया है। जो अन्ना यूनिवर्सिटी एमआईटी कैंपस के मैकेनिकल इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट में तैयार किया गया है। आज इस बम में धमाका करेंगे। हमारा लक्ष्य जन्नत देखना है। कलेक्ट्रेट हमारे साथ नष्ट हो जाएगा! आज का ऑपरेशन पूरा होने के बाद शहीद हो जाएंगे। बिलाल-रियाज जो यह पढ़ रहे हैं। आज का दिन है। आप जानते हैं कि क्या करना है। यह हमारा अंतिम कम्युनिकेशन होगा।

राजधानी के उज्जवल ने किया सीयूईटी एजी में ऑल इंडिया टॉप, हुआ सम्मान

उज्ज्वल ने 12वीं के साथ ही 600 में से 576 अंक प्राप्त कर पूरे देश में लहराया राजधानी का परचम

संस्थान निदेशक एवं नेशनल मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव की अध्यक्षता में भव्य सम्मान समारोह आयोजित

हमारा समाचार

पचकोडिया। राजधानी साइंस धारा, राजधानी फाउण्डा व राजधानी पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल परिसर में राजधानी एजुकेशनल ग्रुप के डायरेक्टर व नेशनल मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव की अध्यक्षता में भव्य सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी नई दिल्ली द्वारा आयोजित नेशनल लेवल एग्जाम सीयूईटी (यूजी) परीक्षा में कक्षा 12वीं के विद्यार्थी उज्ज्वल खत्री पुत्र राकेश कुमार खत्री के टॉप करने पर मुख्य अतिथि शारीरिक शिक्षक बद्री यादव, तेजा का बास ने साफा बंधवाकर व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यार्थियों व जनसमूह को सम्बोधित करते हुए नेशनल मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव ने कहा कि उज्ज्वल ने 12वीं के साथ ही 600 में से 576 अंक प्राप्त कर पूरे देश में राजधानी का परचम लहराया है। उज्ज्वल ने अपनी कामयाबी का श्रेय माता-पिता, भाई धवल खत्री के साथ ही नेशनल मोटिवेटर डॉ. रमेश यादव व राजधानी ग्रुप को दिया। मैनेजिंग डायरेक्टर बलरामसिंह, प्रिंसिपल हेमेन्द्र शर्मा, डिप्टी डायरेक्टर कल्पेश यादव ने बताया कि सभी बच्चों ने उज्ज्वल को कंधे पर बैठाकर कैंपस व आसपास के क्षेत्र में घुमाया। बच्चे इस सफलता को लेकर बहुत उत्साहित रहें। इस अवसर पर राधेश्याम यादव, दीपक कुमावत, प्रहलाल सहाय यादव, नरेश कुमार मीणा, कानाराम यादव, आकाश सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मंच संचालन कृष्ण यादव टाडावास ने किया।

केंद्र सरकार के नए विधेयक के विरोध में पेंशनर, किया आंदोलन का ऐलान

लोकसभा में पारित विधेयक पारित को बताया पेंशनरों के भविष्य पर कुठाराघात

आंदोलन का प्रथम चरण 9 अप्रेल से, 15 अप्रेल के बाद चढ़ेगा परवान

हमारा समाचार

जयपुर। लोकसभा में सरकार द्वारा विधेयक पारित कर पेंशनरों के भविष्य पर कुठाराघात को राजस्थान पेंशनर समाज ने गंभीरता से लेते हुए आंदोलनात्मक रुख अपनाने का निर्णय लिया है। राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेश कार्यालय में प्रमुख प्रदेश पदाधिकारियों की आपात कालीन बैठक में विधेयक पर और उससे होने वाले प्रभाव पर चर्चा कर मंथन किया गया तथा विधेयक का विरोध करते हुए आंदोलन का निर्णय लिया। आंदोलन के प्रथम चरण में आगामी बुधवार, 9 अप्रेल को राज्य भर में सभी उप शाखाएं जुलूस के रूप में विरोध प्रदर्शन करेंगी और उप खंड अधिकारी/ तहसीलदार के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं केंद्रीय वित मंत्री के नाम ज्ञापन देंगी। दूसरे चरण में 10 अप्रेल से 14 अप्रेल के बीच हर जिलाशाखा अपने क्षेत्र के सांसद के माध्यम से प्रधानमंत्री एवं वित्त मंत्री को ज्ञापन भिजवाएगी। दिल्ली में 15 अप्रेल को आल इंडिया स्टेट पेंशनर्स फैडरेशन की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक के बाद आंदोलन को तेज करने का निर्णय लेकर आगामी चरणों की घोषणा की जाएगी। गुरुवार को राजस्थान पेंशनर समाज के प्रदेशाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित मीटिंग में प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सिंह चंदेल, ओम प्रकाश शर्मा, प्रदेश महामंत्री किशन शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष गोपाल सिंह, प्रदेश संयुक्त महामंत्री के मीणा, जयपुर शहर व ग्रामीण जिला शाखा के अध्यक्ष नंदलाल भारद्वाज, जयपुर जिले की सभी उपशाखाओं के अध्यक्ष उपस्थित थे।

विद्युत चोरों की धरपकड़ जारी, 11 मामलों में लगाया 7 लाख का जुमार्ना

जयपुर। विद्युत विभाग की सतर्कता शाखा द्वारा बिजली चोरी पर लगातार एक्शन लिया जा रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सतर्कता) महेन्द्र कुमार शर्मा के निर्देशन में उपासना सिंह, सहायक अभियंता (सतर्कता) द्वारा जयपुर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता जांच कार्यवाही कर विद्युत चोरों की धरपकड़ निरन्तर की जा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को मुरलीपुरा, बडपीपली, हाथोज व कालवाड़ उपखण्ड क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में सतर्कता जांच कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान मुरलीपुरा में 5 मामले, बडपीपली में 1 मामला व हाथोज में 4 मामले (कुल 10 मामले) विद्युत चोरी के पकडे गये है। इनमें संबंधित उपभोक्ताओं द्वारा एल.टी. पोल पर अवैध आंकड़े डालकर अपने-अपने परिसरों में विद्युत का अनाधिकृत उपभोग करते हुए, विद्युत चोरी की जा रही थी। मौके के फोटोग्राफ्स लिये जाकर विद्युत अधिनियम, 2003 के तहत 10 वीसीआरस भरी जाकर, करीब 7 लाख का जुमार्ना लगाया गया है। जुमार्ना राशि जमा करवाने के लिए संबंधित उपभोक्ताओं को नोटिस जारी कर दिये गये है।

रेनवाल मांजी में भीषण हादसा, लो फ्लोर बस से टकराया टेम्पो ट्रैक्स; 19 घायल

खिजुरिया झाड़ला गांव में बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे यात्री

हमारा समाचार

रेनवाल मांजी। कस्बे के बालाजी मोड़ के पास एक भीषण हादसे में करीब उन्नीस जने घायल हो गए।

12 गंभीर घायलों को किया गया जयपुर रेफर

कस्बे के बालाजी मोड़ के पास हुई दुर्घटना

मिली जानकारी के अनुसार कस्बे से होकर गुजर रहे जयपुर-भीलवाड़ा स्टेट हाइवे पर दो वाहनों में आमने सामने की भिड़न्त में कुल 19 जने घायल हो गए। इनमें से गम्भीर घायल 12 जनों को जयपुर रेफर किया गया। सभी घायल खिजुरिया झाड़ला गांव में बैठक में शामिल होकर लौट रहे थे। घायल टेम्पो ट्रैक्स में सवार थे। 11 जने रिश्तेदार के यहां बैठक में शामिल होने के लिए माधोराजपुरा के पास स्थित खिजूरिया गांव में आए थे। वापसी लौटने के दौरान रेनवाल मांजी ही पहुंचे थे कि हाइवे पर ऊबड़ खाबड़ गड्ढे को बचाने के चक्कर में सामने से आ रही लो फ्लोर बस की टक्कर से टकरा गए। घायलों को शिवानी अस्पताल, रोहणी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रेफर कर दिया। घायलों को एंबुलेंस की सहायता से पहुंचाया गया। घायलों में लहरी पुरी, आशा गोस्वामी, सुनीता गोस्वामी, चन्द्रपुरी गोस्वामी, सीमा देवी, सन्तोष देवी, सुमन देवी, भंवरपुरी गोस्वामी, बन्ना पुरी गोस्वामी, महावीर पुरी गोस्वामी, श्योजीपुरी गोस्वामी शामिल है। रेनवाल मांजी थाना अधिकारी दिलीप सिंह व नायब तहसीलदार अरविंद शर्मा, सरपंच संजय बुनकर, पटवारी राय दयाल चौधरी ने जायजा लिया। थाना अधिकारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को थाने में पहुंचाया गया और लगे जाम को खुलवाया गया।

ईवी पब्लिक स्कूल ने किया टॉपर्स का सम्मान, भव्य समारोह आयोजित

हमारा समाचार

जयपुर। कालवाड़ रोड हाथोज स्थित ईवी पब्लिक स्कूल एवं शांता किड्ज प्ले स्कूल में गुरुवार को मेघावी एवं शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों का अभिनंदन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्था निदेशक एवं जयपुर नगर निगम के पूर्व उपनेता एवं पार्षद नरेंद्र वशिष्ठ ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक एवं संस्कृत शिक्षा विभाग के पूर्व निरीक्षक रमेश वशिष्ठ ने संस्था के मेघावी छात्र छात्राओं एवं शैक्षणिक सत्र के समापन पर कक्षावार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विधार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर एवं मैडल एवं माला पहनाकर सम्मानित किया गया। संस्था निदेशक नरेंद्र वशिष्ठ ने सभी संस्था सदस्यों का शैक्षणिक सत्र में पूर्ण सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है।

साधारण सभा की बैठक आयोजित, बिजली-सड़क और पानी की समस्याओं पर मंथन

हमारा समाचार

जोबनेर। जोबनेर पंचायत समिति की साधारण सभा की बैठक का आयोजन उपखण्ड पदाधिकारी देवेंद्र चौहान, बीडीओ ताराचंद, तहसीलदार भंवर सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं प्रधान शैतान सिंह मेहरडा की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान गत बैठक का अनुमोदन किया गया। शिवजी राम जाखड़, रामकरण चांदीवाल, कजोड़ मल सिंघल ने बिजली, पानी, सडक, नशा समेत अन्य मुद्दों को उठाया। सरपंच रूपनारायण रुंडला एवं पंचायत समिति सदस्य शिवजीराम जाखड़ ने दूदू के अधीनस्थ 5 ग्राम पंचायत अधिकारियों के नहीं आने पर कार्रवाई की मांग की। पंचायत समिति सदस्य शिवजी राम जाखड़ और सरपंच गोरा देवी ने ग्राम पंचायत जोरपुरा में हरनाथपुर को राजस्व ग्राम बनाने, पंचायत में उप स्वास्थ्य केंद्र पशु चिकित्सालय पटवार भवन बनाने की मांग की। सरपंच रामकरण चांदीवाल ने पुलिस प्रशासन से अवैध नशा बेचने वालों व कैफे के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। सरपंच कजोड़ मल सिंघल ने जलदाय विभाग द्वारा मनमर्जी से पाइपलाइन डालने पंचायत से एनओसी नहीं लेने समेत बिजली में पानी के मुद्दे उठाए। पंचायत समिति सदस्य रामनिवास शर्मा ने सरकार की जनहित योजनाओं से अवगत कराने बिजली पानी रेवेन्यू समेत अन्य मुद्दे उठाए। सुरेश मीणा ने पेयजल लाइन में अवैध कनेक्शन का मुद्दा उठाया। वहीं किशनगढ़ रेनवाल के अधिकारियों के उपस्थिति नहीं होने का मुद्दा भी उठाया। सरपंच छीतरमल कुमावत ने हिंगोनिया में 33 केवी लाइन से दुर्घटना होने समेत अन्य मुद्दे उठाए। पंचायत समिति सदस्य पेमाराम चोपड़ा ने पानी की टंकियां के ढक्कन खुला होने और उनमें जानवर पड़े होने का मुद्दा उठाया। सरपंच ममता कुमावत ने क्षतिग्रस्त सडक का मुद्दा उठाया। सरपंच सरला कुमावत धर्मेंद्र कुमावत ने अवैध खनन ब्लास्टिंग और डामर प्लांट से हो रहे प्रदूषण का मुद्दा उठाया। भैंसवा सरपंच लाडा देवी पूनिया ने जल जीवन मिशन में पाइप लाइन डालने दो जे एल आर के टेंडर करने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के भवन निर्माण की मांग की एवं सीनियर सेकेंडरी स्कूल में कृषि संकाय की मांग की। सरपंच तारामणि जैन ने ग्राम पंचायत मुरलीपुरा में पेयजल समस्या को लेकर मुद्दा उठाया। इस दौरान उपप्रधान उर्मिला सुंडा, जिला परिषद सदस्य पेमाराम सेपट, सरपंच दिनेश निठारवालसमेत अन्य जिलों के अधिकारी मौजूद रहे।

कुडियों का बास में होगा डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

हमारा समाचार

जयपुर। ग्राम पंचायत कुडियों का बास में 14 अप्रेल को डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के अनावरण एवं विकास कार्य के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री द्वारा पोस्ट का विमोचन किया गया। यह कार्यक्रम समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से किया जाएगा। सरपंच रामकरण चांदीवाल ने बताया कि ग्राम गुढ़ामान में 5.30 फीट की बाबा साहब डां.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का लोकार्पण होगा एवं कई विकास कार्यों जो पूर्ण हो चुके उनका लोकार्पण एवं अनेकों विकास कार्यों का शिलान्यास किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ कैबिनेट मंत्री होंगे। इसके साथ ही विशिष्ट अतिथि बीएल नवल रेगर महासभा राष्ट्रीय अध्यक्ष, कैलाश वर्मा बगरू विधायक, रमा चोपड़ा जिला प्रमुख, शैतान सिंह मेहरा प्रधान जोबनेर एवं रमेश कुमार वर्मा पंचायत समिति सदस्य होंगे।

केबिनेट मंत्री राठौड़ ने किया पोस्टर का विमोचन

एशियन स्कूल के विद्यार्थियों का नेटबॉल सब जूनियर चैम्पियनशिप में धमाल

स्वर्ण एवं रजत पदक पर जमाया कब्जा

हमारा समाचार

जयपुर। हरियाणा के भिवानी में आयोजित नेटबॉल सब जूनियर चैम्पियनशिप में मोज्या मोड़ स्थित एशियन स्कूल के छात्रों ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही छात्राओं ने फास्ट फाइव सब जूनियर में कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा प्रथम मिक्स सब जूनियर में रजत पदक जीतकर लौटी टीमों का विद्यालय पहुंचने पर शाला निदेशक मोहन लाम्बा एवं जितेंद्र सिंह राठौड़ सहित सभी अध्यापकों ने छात्र-छात्राओं का स्वागत किया। टीम के कोच गोपाल लाल दादरवाल एवं मैनेजर ललिता शर्मा ने बताया कि यह प्रतियोगिता 27 मार्च से 31 मार्च तक आयोजित की गई थी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रामनिवास मंडोलिया के लिए डी.बी. कॉर्प लि. (भास्कर प्रिन्टिंग प्रेस), प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, शिवदासपुरा टोंक रोड, जयपुर (राज.) से मुद्रित एवं 84 मंडोलियों की ढ़ाणी जोबनेर रोड़ कालवाड़ जयपुर, (राज.) से प्रकाशित, संपादक रामनिवास मंडोलिया मो.- 9461162346, स्थानीय-संपादकः झाबर सिंह धायल 9828467603, सिटी कार्यालयः 42, कोस्मो कॉलोनी, विनायक रेजीडेन्सी, वैशाली नगर, जयपुर।